

प्रेरणास्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित

सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक : 223 पृष्ठ : 08, मूल्य : रु. 1.00 मंगलवार, 17 जून 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495





# मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान

## पंचकूला में अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक का आयोजन

## शहरी विकास को मिली नई गति, 2047 तक बड़ा बदलाव लाने का संकल्प



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 115वीं कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। (16.06.2025)

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महापौर अपने-अपने शहरों के प्रथम नागरिक होने के साथ-साथ वहां के विकास और प्रगति के प्रत्यक्ष सारथी भी हैं। उन्होंने कहा कि महापौर सरकार की नीतियों और योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं, नागरिकों की आकांक्षाओं को समझते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना में महापौर रीढ़ के समान हैं। मुख्यमंत्री सैनी आज पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**शहर आर्थिक विकास के इंजन और नवाचार के केंद्र**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में महापौर जनता द्वारा सीधे चुने जाते हैं और उनके पास कार्यकारी शक्तियां होती हैं। यह व्यवस्था नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच मजबूत सेतु बनाती है और निर्णय प्रक्रिया को अधिक जवाबदेह तथा प्रभावी बनाती है। उन्होंने कहा कि आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब शहरों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। शहर केवल निवास स्थान नहीं हैं, बल्कि आर्थिक विकास के इंजन, नवाचार के केंद्र और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के संगम हैं।

**अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मान रहा है हरियाणा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मानते हैं। हमारा विजन है कि शहर ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का संगम बनें। हमें शहरों को केवल इमारतों और सड़कों का ढांचा नहीं बनाना, बल्कि उन्हें जीवंत, संवेदनशील और आत्मनिर्भर भी बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की लगभग 900 मिलियन आबादी शहरों में निवास करेगी। यह सिर्फ संख्या नहीं है, बल्कि एक बड़ी संभावना है। नए अवसरों, नए इन्फ्रास्ट्रक्चर और नई जीवनशैली की। हमें इस परिवर्तन को सुनियोजित शहरीकरण, डिजिटल एकीकरण और पर्यावरण संरक्षण के साथ अपनाना है।

**हरियाणा में शहरी विकास को मिली गति**

हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों को विकास कार्यों के लिए 2014-15 में 1,693 करोड़ रुपये की राशि दी गई थी, जिसे 2025-26 में बढ़ाकर 5,666 करोड़ रुपये कर दिया गया है। चार मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण बनाए गए हैं और फरीदाबाद व करनाल को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत फरीदाबाद में 930 करोड़ रुपये की लागत से 45 परियोजनाएं तथा करनाल में 927 करोड़ रुपये की लागत से 122 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 2,147 अवैध कॉलोनियों को नियमित किया गया है और नई अधिकृत कॉलोनियों में एक हजार करोड़ रुपये से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत मिशन के तहत अब तक 2,930 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। 375 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लक्ष्य में से 9 शहरों में 50 बसें चलाई जा चुकी हैं और प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 2026 तक 450 बसें खरीदी जाएंगी।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत 21,431 मकान बनाए जा चुके हैं और 11,412 मकान निर्माणाधीन हैं।

# दीवार हटाने के विरोध में भाकियू के बैनर तले हुई महापंचायत

**कुरुक्षेत्र/पेहवा/हरियाणा वाटिका एजेंसी**



मारकंडा हैड से बीबीपुर झील की तरफ दीवार हटाने के विरोध में भाकियू के बैनर तले हुई महापंचायत में 12 गांवों से दर्जनों की संख्या किसान पहुंचे। इसके बाद धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया। अधिकारियों द्वारा लिखित आश्वासन के बाद किसान शांत हुए और महापंचायत एवं धरने की समाप्ति की घोषणा की। सुबह किसान यूनियन के बैनर तले 12 गांवों के किसान महापंचायत में पहुंचे। इसके बाद यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने किसानों की ओर से विभाग के एक्सईएन को मौके पर बुलाने की बात अधिकारियों के समक्ष रखी गई। कुछ देर बाद अधिकारियों ने बताया कि एक्सईएन चंडीगढ़ मीटिंग में है। लिहाजा उनके निदेर्शानुसार एसडीओ राकेश कुमार किसानों से बातचीत करेंगे। किसानों ने एसडीओ के सामने दो मांगे रखी पहली मांग दीवार को लेकर जो स्थिति बनी हुई है। उसे छेड़ने की बजाय इसी प्रकार रखा जाए और दूसरा यह बताया जाए की दीवार को हटाने के आदेश लिखित में थे। यदि आदेश लिखित में नहीं थे तो वो नेता कौन है। जिसके कहने पर जुबानी तौर पर यह काम किया जा रहा था। लेकिन अधिकारियों ने किसी भी नेता का नाम लेने से बचते हुए इसे रूटीन की प्रक्रिया बताया और किसानों को लिखित में आश्वासन दिया की मौके पर यथास्थिति रखी जाएगी। किसी भी प्रकार से दीवार या निकासी चैनल से छेड़छाड़ नहीं होगी। इसके बाद किसानों ने दीवार के सामने से हटी मिट्टी को दोबारा लगाने की बात कही तो वहां खड़ी मशीनों से तुरंत काम शुरू कर दिया गया।

# प्राथमिक शिक्षक संघ मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**कुरुक्षेत्र/हरियाणा वाटिका एजेंसी**



राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल विनोद ठाकरान कार्यकारी राष्ट्रीय महासचिव,अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ दिल्ली की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मिला। प्रतिनिधि मंडल द्वारा अध्यापकों मुख्य मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई जो इस प्रकार हैं 31 जुलाई तक हर हाल में सामान्य एवं अंतर जिला व सामान्य स्थानांतर ड्राइव चलाने तथा स्थानांतरण से पूर्व सभी प्रकार की पदोन्नति मेंवात कैडर व रेस्ट आफ हरियाणा की करना,

वित्त विभाग द्वारा जिन कर्मचारियों के आश्रित एवं माता पिता की वार्षिक आय 42000 रुपए से अधिक है उनके चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल पास नहीं हो रहे सरकार द्वारा आय की शर्त हटानें बारे ।

अध्यापकों को 1986 से पहले के नियम अनुसार 10 मेडिकल लीव प्रतिवर्ष देने बारे , जिला यमुनानगर व अम्बाला मे छात्र शिक्षक अनुपात के अनुसार शिक्षकों की कमी है । सरकार शीघ्र नियमित भर्ती कर अध्यापकों की कमी को पूरा करें ,वर्ष 2012 में नए सर्विस रूल आ गए थे इसलिए वर्ष 2012 से पहले नियुक्त कर्मचारियों को 1998 के सर्विस रूल अनुसार एसीपी दे।

अध्यापकों की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यों में न लगाने, कैशलैस चिकित्सा सुविधा को पूर्ण रूप से लागू करने बारे ।

हरियाणा के बच्चे खेलों में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं इसलिए खेलों को बढ़ावा देने के लिए खंड स्तर पर 5 लाख व जिला स्तर पर 10 लाख रुपए का बजट जारी किया जाए ।

# युवाओं को जेजेपी के साथ जोड़ेंगे दिग्विजय चौटाला

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**



युवाओं को जननायक जनता पार्टी से जोड़ने के लिए जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला प्रदेशभर का दौरा करेंगे। दिग्विजय चौटाला सभी 22 जिलों और 90 विधानसभा क्षेत्रों में ह्ययुवा जोड़ो अभियानह्न कार्यक्रम करेंगे। दिग्विजय 18 जून को कैथल से इस बड़े अभियान का शुभारंभ करेंगे। जेजेपी युवा अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 21 जून को अंबाला और 22 जून को पानीपत में यह कार्यक्रम करेंगे। अभियान के तहत दिग्विजय चौटाला प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे और 31 जुलाई तक चलने वाले पार्टी सदस्यता अभियान के तहत युवाओं को ज्वाइन करवाकर उन्हें जेजेपी की सदस्यता ग्रहण करवाएंगे। इस दौरान वे प्रदेश के युवाओं और जेजेपी कार्यकताओं से प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात, भाजपा सरकार की कमियों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करेंगे। साथ ही पिछली गठबंधन सरकार के दौरान जेजेपी के प्रयासों से हुई विकास कार्यों के बारे में लोगों को अवगत करवाएँगे।

# छात्रों पर जानलेवा हमला नाकाबिले बर्दाश्त: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि जिस तरह जाय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों पर लाठियां बरसाई गईं, वह नाकाबिले बर्दाश्त है। इस पूरे मामले में लाठी बरसाने वाले स्टाफ के साथ-साथ वाइस चांसलर की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। हुड्डा ने कहा कि छात्रवृत्ति कटौती के विरोध में शांतिपूर्ण धरना दे रहे छात्रों की मांगों को कांग्रेस पूर्ण समर्थन देती है। अपनी मांगों के लिए आवाज उठाना छात्रों का अधिकार है। ऐसे में उनपर जानलेवा हमला करना पूरी तरह आपराधिक कार्रवाई है। कानून के मुताबिक सिर पर वार को जानलेवा हमला माना जाता है और एफआईआर भी उसी धारा में



दर्ज होती है। इसलिए छात्रों के हमला करने और करवाने वाले दोनों को सजा भुगतनी पड़ेगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि छात्रों ने अभी तक पूरी तरह शांति और अनुशासन का परिचय दिया है। न्याय की इस लड़ाई को भी शांति व अनुशासन के साथ आगे बढ़ाएं। कांग्रेस समेत तमाम युवा और पूरा प्रदेश छात्रों के साथ खड़ा है। छात्रों की आवाज को कांग्रेस विधानसभा से लेकर संसद तक हर मंच पर उठाएगी। कांग्रेस के तमाम विधायकों व सांसदों ने छात्रों के बीच पहुंचकर अपने समर्थन का ऐलान किया है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय ने छात्रवृत्ति नियमों में अनुचित बदलाव किया है। पहले 70% या उससे अधिक अंक लाने वाले हरेक छात्र को स्टाइपेंड दिया जाता था। लेकिन अब उसे सिर्फ टॉप 25% छात्रों तक सीमित कर दिया है। इतना ही नहीं, मेरिट स्टाइपेंड के लिए न्यूनतम योग्यता 70% से बढ़ाकर 75% कर दी गई है। इसी तानाशाही के विरुद्ध सभी ने एकजुट होकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठाई थी।

लेकिन रात के अंधेरे में बीजेपी सरकार के इशारे पर बेरहमी से उनपर लाठियाँ बरसाई गईं। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने पूरे कार्यकाल में एक भी बड़ी यूनिवर्सिटी प्रदेश में स्थापित नहीं की। इसके विपरीत बीजेपी सरकार, कांग्रेस द्वारा पहले से स्थापित संस्थानों को बर्बाद करने में जुटी है। इसके लिए विश्वविद्यालयों पर अनाप-शनाम नियम थोपे जा रहे हैं ।

# पंचकूला के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं सुनवाई आज

**चण्डीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यूएचबीवीएन सर्कल फोरम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 17 जून को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय पंचकूला में की जाएगी। मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इनमें मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं। अधिनियम की धारा 126 तथा धारा और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी।

# प्रत्येक बूथ व प्रत्येक गांव में कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए सक्रियता से कार्य करें पार्टी कार्यकर्ता: राजबीर फरटिया

## लोहारू अनाज मंडी में एआईसीसी सचिव मनोज चौहान ने कार्यकताओं को संगठन सशक्तिकरण का दिया मंत्र

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 16 जून।** कस्बा स्थित अनाज मंडी में लोहारू विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एआईसीसी के सचिव मनोज चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बैठक में कांग्रेस संगठन की मजबूती तथा बूथ स्तर पर पार्टी विस्तार तथा आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एआईसीसी के सचिव मनोज चौहान ने कहा कि कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है तथा कार्यकताओं की बदौलत ही पार्टी मजबूत है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं तथा प्रत्येक बूथ पर व प्रत्येक गांव में पार्टी की विचारधारा का प्रचार प्रसार करें ताकि संगठन मजबूत हो सके। उन्होंने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक टिप्स भी दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी क्षेत्र की जनता के हक, अधिकार और समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।



फरटिया ने कार्यकताओं को एकजुट रहकर संगठन के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करने का संदेश दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया व पार्टी नेताओं को आश्वस्त किया कि आमजन की समस्याओं को सक्रिय रूप से पार्टी कार्यकताओं द्वारा उठाया जाएगा तथा संगठन को नई ताकत प्रदान करने के लिए पूरी ऊर्जा से कार्य करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक सुभाष देशवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, प्रदीप गुलिया, डॉ. बृजपाल पप्पू, पूर्व चेयरमैन संजय खंडेलवाल, पूर्व पार्षद हरपाल, संजय जोगी, सरला देवी, जगदीश ढिगावा, बीडीसी सदस्य सूरजभान कुडल बास, किसान नेता धर्मपाल, बीडीसी सदस्य नंदलाल, ओमबीर पहलवान, अमन तंवर, देवराज महता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई 2025 XL750 ट्रांसऐल्प, बुकिंग्स शुरू

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**करनाल, 16 जून।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज अपनी नई और बहुप्रतीक्षित 2025 Honda XL750 Transalp के लॉन्च की घोषणा की। यह मोटरसाइकिल उन राइडर्स के लिए डिजाइन की गई है जो सीमाओं से परे स्वतंत्रता की तलाश करते हैं – चाहे वह शहरी सड़कों पर आवागमन हो, लंबी क्रॉस-कंट्री रोड ट्रिप्स हों या फिर दुर्गम ऑफ-रोड एडवेंचर्स।



नई L750 ट्रांसऐल्प को 10,99,990 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम - हरियाणा) की कीमत पर पेश किया गया है। इसके लिए बुकिंग्स अब होंडा की बिगविंग डीलरशिप्स पर भारतभर में शुरू हो चुकी हैं। ग्राहकों को इसका डिलीवरी चरण जुलाई 2025 से शुरू होगा।
लॉन्च की घोषणा करते हुए,श्री त्सुत्सुमु ओटानी, प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहाः॒हम भारत में नई L750 ट्रांसऐल्प को पेश करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं। अपनी शुरूआत से ही ट्रांसऐल्प एडवेंचर राइडिंग की विश्वसनीय पहचान रही है और इसे दुनियाभर के खोजी राइडर्स ने अपनाया है। इस नए मॉडल में उन्नत फीचर्स और उद्देश्यपूर्ण डिजाइन को शामिल किया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है। हमें पूरा विश्वास है कि नई छ750 ट्रांसऐल्प भारत के एडवेंचर प्रेमियों को अत्यधिक उत्साहित करेगी। यह मोटरसाइकिल भारतीय बाजार में वैश्विक आइकॉन्स को लाने के प्रति हमारे प्रतिबद्ध प्रयासों को दर्शाती है।
इस अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, श्री योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एंड मार्केटिंग, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहाः॒भारत में एडवेंचर मोटरसाइकिल सेगमेंट अत्यधिक तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारे मौजूदा ADV पोर्टफोलियो के प्रति ग्राहकों का उत्साह प्रेरणादायक रहा है।
नई और अपडेटेड L750 ट्रांसऐल्प की शुरूआत के साथ हम भारत में एडवेंचर टूअरिंग के लिए एक नई बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं। पहाड़ों की पुकार अब और तेज है – और ट्रांसऐल्प अब स्टाइल, प्रदर्शन और उद्देश्य के साथ उसका उत्तर देने के लिए तैयार है। बुकिंग्स अब देशभर के होंडा बिगविंग डीलरशिप्स पर खुल चुकी हैं, और हम जुलाई 2025 से डिलीवरी प्रारंभ करने के लिए तत्पर हैं।

## एचडीएफसी इर्गो ने खरीफ सीजन के लिए हरियाणा में किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**अम्बाला, 16 जून।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को हरियाणा सरकार ने खरीफ, 2025 सीजन के लिए हिसार, सोनीपत, गुरुग्राम, करनाल, अंबाला, जींद और महेंदरगढ़ जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है।पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा। इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें कटाई-पूर्व, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं। पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद हरियाणा सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदित हैं। हिसार, सोनीपत, गुरुग्राम, करनाल, अंबाला, जींद और महेंदरगढ़ जिलों के किसान अपने जिले में स्थित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या फिर अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से संपर्क करके ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं। इंश्योरेंस कवर प्राप्त करने के लिए वैध अवधि का विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान इस योजना का लाभ पाने के लिए किसान ऐप पर लॉगऑन करके या वेबसाइट https://pmfby.gov.in/farmerLogin पर जाकर सेल्फ-एनरोलमेंट करा सकते हैं।

# भारत देश तेज गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर, भाजपा ने नीति बनाकर देशहित में किए कार्य: जेपी दलाल

## पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने लोहारू, बहल तथा सिवानी मंडी में चौपाल कार्यक्रम के तहत कार्यकताओं को किया संबोधित

**हरियाणा वाटिका/अमित वालिया**
**लोहारू, 16 जून।** पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत देश तेज गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र सरकार ने अपने 11 वर्ष के शासनकाल में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने का काम किया है। भाजपा ने नीति बनाकर देशहित में काम किया है, भारत की आज विश्व में अलग ही पहचान बनी है, देश ने अपनी खोई हुई साख को फिर से हासिल किया है। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल सोमवार को लोहारू, बहल तथा सिवानी मंडी में केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों की जानकारी को लेकर हलके के कार्यकताओं को चौपाल कार्यक्रम के तहत संबोधित कर रहे थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बिना खर्ची और बिना पर्ची तथा योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान करने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना मजबूत हुई है। आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है। आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है और गरीब कल्याण के अनेक योजनाएं लागू हुई है। देश में करोड़ों जनधन के खाते खुलवाए गए हैं और डीबीटी के माध्यम से सरकार की योजनाओं का सीधा फायदा पहुंचा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि 11 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और सरकार ने नई टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो मिसाइल और डिफेंस सिस्टम अपनाया गया, वह हमारे स्वदेशी तकनीक थी। आज भारत रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर है और रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहा है। यह प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक दूरदर्शिता और कूटनीति का परिणाम है। जेपी दलाल ने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने डीबीटी की शुरूआत कर 44 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंचना शुरू किया, भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में 99 फीसदी गांव सडक कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है। रेलवे के बजट को 9 गुना बढ़ाया गया है। इसी प्रकार से 136 वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं, लोगों की सुविधा के लिए 103 अमृत भारत स्टेशन पुनर्निमित किए गए हैं। किसान की आमदनी बढ़ाने के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में कृषि बजट को रिकॉर्ड 5 गुना बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को करीब 3. 7 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक पौने दो लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश पहला प्रदेश है, जहां 3000 रुपए वृद्धावस्था सम्मान भत्ता सहित अन्य पेंशन के रूप में दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। हरियाणा सरकार 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है। सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और भावांतर भरपाई योजना लागू की है। सरकार का हर संभव प्रयास है कि प्रत्येक घर में नल से स्वच्छ जल पहुंचे, इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से आज हर वर्ग खुश है। चौपाल कार्यक्रम को लोहारू में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी विजय शेखावत, नगरपालिका के चेयरपर्सन बंटी तायल, मंडल अध्यक्ष रोहतास चौहान व बहल में पंडित रवि महमिया, मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान तथा सिवानी में राजेश केडिया ,चेयरपर्सन वंदना केडिया, सुरेंद्र जांगड़ा आदि ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियां की विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान अनेक पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर अग्रवाल सभा रतिया ने जताया शोक



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 16 जून।** अग्रवाल सभा रतिया की एक विशेष बैठक रविवार शाम को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने की। इस बैठक में सर्वप्रथम बीते दिनों अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में जान गवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने कहा कि बीते दिनों अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा अत्यंत दुखदायी व बेहद हृदय विदारक घटना है। यह हादसा पूरे देश के लिए एक दुखद क्षण है। इस दुखदायी घटना पर अग्रवाल सभा गहरा शोक व्यक्त करती है । प्रभु हादसे में जान गवाने वाली दिवगंत आत्माओं को शांति दे व शोक संतप्त परिवारों को यह गहन दुख सहने की शक्ति दे। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सचिव राजकुमार सिंगला , सचिव जनक राज गोयल ,कैशियर प्रेमचंद बंसल, राजू करंडी, हरिकेश मंगला, अशोक गर्ग,संजय मोदी , नरेश बंसल भूरा ,दिनेश गोयल, मिठू सिंगला,साहित अग्रवाल सभा के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अल्पाइन टॉप स्कूल, रतिया के होनहार छात्र हर्षित ने NEET 2025 में रच दिया सफलता का इतिहास



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिया, 16 जून।** अल्पाइन टॉप स्कूल, रतिया का नाम एक बार फिर गर्व से ऊँचा हुआ जब विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र हर्षित ने ठएएळ 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 617 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक 560 और श्रेणी रैंक 361 प्राप्त की। उल्लेखनीय बात यह है कि यह सफलता पहले ही प्रयास में प्राप्त की गई है। हर्षित, जो कि श्री सुभाष चंद के पुत्र हैं, ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य श्री जी. आर. पाटिल, प्रबंध निदेशक श्री कपिश गुप्ता, प्रशासन प्रमुख श्रीमती बिंदु गुप्ता और समस्त शिक्षकगणों ने हर्षित को हार्दिक बधाइयाँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
विद्यालय प्रशासन ने कहा कि हर्षित की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।
अल्पाइन टॉप स्कूल की यह परंपरा रही है कि यहाँ न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर बल दिया जाता है, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को उसके लक्ष्य तक पहुँचाने के लिए पूर्ण मार्गदर्शन और समर्थन दिया जाता है।
हर्षित की यह उपलब्धि निश्चय ही क्षेत्र के युवाओं को चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

# नीट यूजी 2025: करनाल के अर्श गांधी ने किया कमाल, ऑल इंडिया रैंक 11 हासिल

## आकाश संस्थान के 50 और छात्र भी टॉपर्स में शामिल

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
करनाल, 16 जून। देशभर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 में करनाल के छात्र अर्श गांधी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 11 हासिल की है। इसके साथ ही, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के करनाल केंद्र से कुल 51 छात्र इस परीक्षा में टॉप रैंक लाकर जिले और संस्थान का नाम रोशन कर चुके हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा कल घोषित किए गए परिणामों के अनुसार, यह उल्लेखनीय सफलता छात्रों की लगन, अनुशासित पढ़ाई और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई बेहतरीन कोचिंग एवं मार्गदर्शन का परिणाम है।



**प्रमुख रैंक प्राप्त करने वाले छात्रों में शामिल हैं:**
अर्श गांधी - एआईआर 11
तरुणाय भाधाना -एआईआर 2278
तुषार - एआईआर 2557
पावनी -एआईआर 9290
तथा अन्य कई छात्रों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।
ये सभी छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े थे, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षा के लिए डिजाइन किया गया है। छात्रों ने कहा कि उनकी सफलता का श्रेय एईएसएल द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक नींव, स्पष्ट अवधारणाओं और निरंतर अभ्यास को जाता है।
छात्रों ने साझा किया, हम एईएसएल के अत्यंत आभारी हैं जिन्होंने इस पूरे सफर में हमारा मार्गदर्शन किया। यहां की स्ट्रक्चर्ड स्टडी सामग्री, विशेषज्ञ शिक्षण पद्धति और व्यक्तिगत मेंटरिंग की वजह से हम जटिल विषयों को समझने और आत्मसात करने में सफल हो सके। अगर एईएसएल का सहयोग न होता, तो यह सफलता मुश्किल होती॥
एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर डॉ. सुरेंद्र कुमार ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हमारे छात्रों ने नीट यूजी 2025 में जो प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। देशभर से लाखों छात्र इस परीक्षा में हिस्सा लेते हैं, ऐसे में इतनी ऊंची रैंक हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है।
इन परिणामों से छात्रों की मेहनत और माता-पिता व शिक्षकों के सहयोग की झलक मिलती है। हम सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल मेडिकल करियर के लिए शुभकामनाएं देते हैं॥

## हरियाणा कौशल अध्यापक एसोसिएशन के द्वारा अपनी मांगों के लेकर दिया जिला अध्यक्ष को ज्ञापन



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**फतेहाबाद, 16 जून।** फतेहाबाद में हरियाणा कौशल अध्यापक एसोसिएशन के द्वारा HKRN TGT PGT अध्यापकों के कार्य विस्तार को लेकर BJP जिला अध्यक्ष श्री प्रवीण जोड़ा जी को ज्ञापन दिया गया जिसमें जिला प्रधान अनिल कुमार, जिला सचिव सुरेश सर फतेहाबाद ब्लॉक प्रधान बलविंदर टें, भूना ब्लॉक प्रधान गीता मैडम, भट्टू ब्लॉक प्रधान श्री महेंद्र सर व राकेश सर और सुमन मैडम, कमलजीत सिंह सर, पवन सर , संतोष मैडम, मलकीत सर, प्रीति मैडम, रामबिलास सर, मनोज सर , निर्मला मैडम, अनिल कुमार सर, विकी सर, विक्रम सर सुमन मैडमआदि अध्यापक साथी उपस्थित रहे । HKRN के तहत लगे TGT PGT अध्यापकों का अनुबंध 30 जून को समाप्त हो रहा है, लेकिन विभाग की और से अभी आगे कार्य विस्तार का कोई लेटर जारी नहीं किया गया जिसको लेकर HKRN अध्यापक मानसिक रूप से काफी परेशान है ।

## डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 93 नए कंप्यूटर स्थापित किए

**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**
**चंडीगढ़, 16 जून।** बैंकिंग दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, चंडीगढ़ राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, चंडीगढ़ ने नाबार्ड परियोजना 2025 के तहत अपने वर्तमान कोर बैंकिंग समाधान (CBS) संस्करण को CBS 7x से CBS 10x में अपग्रेड किया।



इस अवसर पर, CXBS 10x संस्करण से सुसज्जित 93 नए डेस्कटॉप का उद्घाटन बैंक के अध्यक्ष और MC पार्षद श्री सतिंदर पाल सिंह सिद्धू और बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन द्वारा बैंक की प्रबंध निदेशक सुश्री अनुराधा एस. चगती, CSS की उपस्थिति में सफलतापूर्वक किया गया।

## डाई करने आई महिला पर गहने चोरी का आरोप, केस दर्ज

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 16 जून।** गांव रोड़ी में डाई करने के लिए घर आई महिला पर परिजनों ने लाखों रुपए के गहने चोरी करने के आरोप में रोड़ी थाना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में केवल सिंह निवासी वार्ड नंबर 6 रोड़ी ने बताया कि वह चार-पांच दिनों के लिए बाहर गया हुआ था जबकि उसका बेटा मेन बाजार रोड़ी में सुविधा सेंटर पर कार्य करता है। उसने बताया कि बीती 7 जून को घर में उसकी पत्नी रानी कौर थी। उसने डाई करवाने के लिए राजवीर कौर को अपने घर बुलाया। डाई करवाने के बाद उसकी पत्नी को घबराहट होने लगी। इस पर उसने तुरंत बाल धोए और राजवीर कौर से उसे अस्पताल ले जाने को कहा। उसने राजवीर के सामने ही सभी कमरों व अलमारी को ताले लगाए थे।

# ग्लोब टोयोटा यमुनानगर द्वारा सफल माइलेज रैली का आयोजन

## वरुण चावला ने हाइराइडर हाइब्रिड (Hyryder Hybrid) से हासिल की 35.2 KMPL की माइलेज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**यमुनानगर, 16 जून।** ग्लोब टोयोटा यमुनानगर ने रविवार को एक सफल माइलेज रैली का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को टोयोटा की सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड तकनीक का वास्तविक प्रदर्शन अनुभव कराना औ ईंधन दक्षता को बढ़ावा देना था। इस आयोजन को ग्लोब टोयोटा के ग्रुप मार्केटिंग हेड, श्री आशु मिस्सर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों से बातचीत की और बेहतर माइलेज के लिए उपयोगी सुझाव भी साझा किए। रैली की शुरूआत ग्लोब टोयोटा यमुनानगर शोरूम से हुई, जिसमें टोयोटा ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । रैली से पहले सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित और ईंधन-दक्ष ड्राइविंग के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर



श्री विवेक दत्ता, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, ग्लोब टोयोटा ने कहा ॒ग्लोब टोयोटा में हम ग्राहकों से जुड़ने के लिए सार्थक अनुभवों को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं। माइलेज रैली जैसे आयोजन टोयोटा की हाइब्रिड तकनीक की वास्तविक क्षमता को दर्शाते हैं और साथ ही ग्राहकों के साथ एक मजबूत रिश्ता भी बनाते हैं। हम स्थायी मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखेंगे॥ ग्लोब टोयोटा भविष्य में भी इस तरह की ग्राहक-केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित करता रहेगा, जो ब्रांड के स्थिरता, नवाचार और बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।
इस आयोजन की मुख्य आकर्षण बने श्री वरुण चावला, जिन्होंने अपनी टोयोटा Hyryder Hybrid से शानदार 35.2 किमी/लीटर की माइलेज प्राप्त कर रैली के विजेता बने। उनकी संतुलित और समझदारी भरी ड्राइविंग ने सभी को प्रभावित किया। Hyryder Hybrid के वेरिएंट्स की कीमत 16.81 लाख (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। यह गाड़ी परफॉर्मेंस, आराम और माइलेज का बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है जो आज के भारतीय उपभोक्ता की प्राथमिकताओं के अनुरूप है ।टोयोटा अर्बन क्रूजर Hyryder कंपनी की कॉम्पैक्ट रवश श्रेणी में सबसे आधुनिक पेशकशों में से एक है, जिसमे स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। इसके प्रमुख फीचर्स में शामिल हैं:e-Driveऑटोमैटिक ट्रांसमिशन सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता, केवल बैटरी से चलने वाला एश मोड, पैनोरमिक सनरूफ, वायरलेस चार्जिंग, हेड-अप डिस्प्ले और वेंटिलेटेड सीट्स (उच्च वेरिएंट्स में), Toyota i-Connect कनेक्टेड कार फीचर्स, 6 एयरबैग्स, 360 डिग्री कैमरा और वाहन स्थिरता नियंत्रण जैसी उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ।

## रावाधस (रजि.) ने अम्बेडकर भवन चंडीगढ़ में मनाया अपना 24वाँ स्थापना दिवस

**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**
**चंडीगढ़, 16 जून।** राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्म समाज (रावाधस) रजि. ने आज अम्बेडकर भवन सैक्टर 37 चंडीगढ़ में मनाया अपना 24वाँ स्थापना दिवस उसके उपरांत ही संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर दिलबाग टांक आदिवासी जी ने संगठन की स्वतंत्र संपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपते हुए वीर संगम कुमार वाल्मीकि को केंद्रीय संगठन के मुख्य संचालक पद पर नियुक्त किया और संगठन को आगे बढ़ाने व मजबूत करने की आशा जताते हुए समाज के उत्थान और कल्याण के लिए संगम कुमार वाल्मीकि को समाज का भविष्य भी बताया। कबीर जयंती व स्थापना दिवस की सभी देशवासियों को बधाइयां देते हुए सामाजिक सम्मेलन के कार्यक्रम में दिल्ली, पंजाब,हरियाणा, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ से आए भजनकर्ता हैप्पी भील जी और वरिष्ठ गणमान्य लोगों की विचार विर्मश की चर्चा में मुख्य रूप से शामिल रहे।



# स्वास्थ्य विभाग द्वारा कम लिंगानुपात वाले गांवों को चिन्हित कर चलाया जाएगा विशेष अभियान, कमेटियों का किया गया है गठन: डा. रघुवीर शांडिल्य

## गांव खरकड़ी बावनवाली में बाबा गुलाब गिरी की पवित्र धरा से गूंजा लिंगानुपात में सुधार व कन्या भ्रूण हत्या पर रोक का संदेश

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 16 जून।** सोमवार को बाबा गुलाब गिरी की पवित्र धरा गांव खरकड़ी बावनवाली से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान व लिंगानुपात में सुधार तथा कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने का सकारात्मक संदेश गूंज उठा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव खरकड़ी बावनवाली के बाबा गुलाब गिरी धाम में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आशा वर्कर सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों व अनेक ग्रामीणों ने कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने तथा लिंगानुपात में सुधार का न केवल संकल्प लिया बल्कि स्वास्थ्य विभाग को हरसंभव सहयोग व सूचना देने के प्रति आश्वस्त किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सिविल सर्जन डा. रघुवीर शांडिल्य ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की बेटियां किसी भी मुकाबले में बेटों से कम नहीं है तथा शिक्षा, खेल, सेना, विज्ञान सहित हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। परंतु बड़े ही दुख की बात है कि आज भी समाज में संकीर्ण सोच व विकृत मानसिकता के चलते बेटियों को कोख में ही मार दिया जाता है। इससे न केवल सामाजिक ताना बाना खत्म होता जा रहा है वहीं लिंगानुपात में भी भारी कमी आ रही है जो चिंता का विषय है। डा. शांडिल्य ने कहा कि बेटियों को बचाने की जिम्मेवारी हम सभी की है तथा इसकी पहल हमें ही करनी होगी। उन्होंने कहा कि गांवों में कार्यरत एएनएम व आशा वर्कर लिंगानुपात में सुधार तथा कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकती है तथा उन्हें अपने कर्तव्य का पालन करते हुए इस मुहिम को सफल बनाने में अपना सहयोग देना होगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि जिस भी गांव में लिंगानुपात कम है वहां विशेष रूप से अभियान चलाया जाए तथा लोगों को जागरूक किया जाए। इसके अलावा कन्या भ्रूण हत्या करने वाले लोगों व इस कार्य को अंजाम देने वाले चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों की पहचान करते हुए इसकी सूचना विभाग को दे ताकि उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डा. अनीता कत्याल ने आमजन से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि बेटियों को भी समाज में जीने का अधिकार है तथा कन्या भ्रूण हत्या समाज के लिए एक कलंक है। कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने तथा बेटियों को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे ताकि बेटियां भी समाज में मान सम्मान हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित कर सके। उन्होंने कहा कि बेटियां के प्रति समाज में लोगों की सोच में भी बदलाव आना चाहिए। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में भी देश की बेटियों ने अपना लोहा मनवाया है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिंगानुपात में सुधार लाने व कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। जागरूकता रैली को सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोहारू उप नागरिक अस्पताल के एसएमओ डा. संजीव गोयल ने स्वास्थ्य कर्मियों व आमजन से आह्वान किया कि वे विभाग द्वारा लिंगानुपात में सुधार के लिए चलाए जा रहे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि लिंगानुपात के अंतर को कम कर बेटियों को बचाया जा सके। इस दौरान कार्यक्रम में खरकड़ी बावनवाली के बाबा गुलाब गिरी आश्रम के महंत राम रतन गिरी जी महाराज, डॉ. गौरव चतुर्वेदी, डॉ. ओपी डूडी, डा प्रवीन श्योराण, सरपंच सहित आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, आशा वर्कर, एएनएम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य व उप सिविल सर्जन डा. अनीता कत्याल ने कार्यक्रम के पश्चात बाबा गुलाब गिरी आश्रम के महंत रामरतन गिरी जी महाराज से भी मुलाकात की तथा अपील की कि गांव खरकड़ी का लिंगानुपात काफी कम है, ऐसे में वे मंदिर के माध्यम से ग्रामीणों को लिंगानुपात में सुधार व कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने का सकारात्मक संदेश दे ताकि लोग उनका अनुसरण कर इस बुराई का खात्मा कर सके। महंत राम रतन गिरी महाराज ने सिविल सर्जन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा कहा कि मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों को कन्या भ्रूण हत्या पर रोक व लिंगानुपात में सुधार के प्रति जागरूक किया जाएगा। रघुवीर शांडिल्य ने कहा कि सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिन गांवों में बेटियों की जन्म दर कम है उन्हें चिन्हित किया गया है तथा उन गांवों के लिंगानुपात में सुधार के लिए ठोस व जरूरी कदम उठाने के लिए अधिकारियों की कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा लिंगानुपात में अंतर पाए जाने के कारणों की जांच के साथ-साथ उन लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी जो इसके दोषी है। विभाग व प्रशासन द्वारा बेटियों के कम जन्मदर वाले गांवों में विशेष निगरानी रखी जाएगी जो जरूरत के अनुरूप जरूरी कदम उठाने का काम करेगी ताकि बेटियों के जन्म दर में सुधार हो सके। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने आसपास क्षेत्र में नजर रखें। यदि कहीं पर लिंग जांच या कन्या भ्रूण हत्या किए जाने की सूचना मिलती है तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग या जिला प्रशासन को दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।





# रतिया के मेंन बाजार में छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने लगाई पानी की छबील

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**



**रतिया, 16 जून।** भीषण गर्मी के इस मौसम में रतिया के मेंन बाजार में छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक अनोखी पहल की है। इन बच्चों ने बाजार में पानी की छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाकर उनका हाल-चाल जाना और गर्मी से राहत प्रदान की। इन छोटे बच्चों ने अपनी इस पहल से न केवल राहगीरों को गर्मी से राहत प्रदान की, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दिया। इन बच्चों की इस पहल की लोग जमकर प्रशंसा कर रहे हैं।

इन बच्चों ने बताया कि उनका उद्देश्य गर्मी के इस मौसम में लोगों को पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाना और गर्मी से राहत प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि वह आगे भी इस तरह की पहल करते रहेंगे।

इन बच्चों की इस पहल की लोग जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इन बच्चों ने समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण पेश किया है और उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# जिंदल स्टेनलेस को लगातार तीसरे वर्ष एनएएमसी अवार्ड्स में सम्मानित किया गया




**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 16 जून।** भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील बनाने वाली कंपनी जिंदल स्टेनलेस को लगातार तीसरे साल नेशनल अवॉर्ड फॉर मैन्युफैक्चरिंग कॉम्पिटिटिवनेस से सम्मानित किया गया। इस बार कंपनी को लगातार तीन साल गोल्ड अवॉर्ड जीतने के बाद डायमंड ट्रॉफी दी गई। इसके अलावा, हरियाणा के हिसार प्लांट को आत्मनिर्भर नेशन बिल्डर अवार्ड की एक्सेलसियर श्रेणी में भी सम्मानित किया गया। इससे पहले हिसार यूनिट को इस पुरस्कार की सामान्य श्रेणी में तीन बार लगातार जीत मिल चुकी है। ये पुरस्कार जिंदल स्टेनलेस की मेहनत, गुणवत्ता और देश के विकास में उसके योगदान को दिखाते हैं। ये सम्मान श्री विजय बिंदलिश (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और यूनिट हेड - हिसार), श्री सुशील जैन (एवीपी और प्रमुख - एसएमएस और एचआरएम) और श्री लक्षित सेठ (जीएम - ओइसी और मैनेजमेंट प्रतिनिधि) ने प्राप्त किए।

इस उपलब्धि पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक श्री अभ्युदय जिंदल ने कहा, कि स्टेनलेस स्टील की ताकत, टिकाऊपन और पर्यावरणीय स्थिरता इसे भविष्य की धातु बनाती है। जिंदल स्टेनलेस में हम हमेशा आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए इस दिशा में काम करते रहे हैं। हमारी इस यात्रा का केंद्र हमारी विनिर्माण इकाइयाँ हैं, जिन्हें इस सोच के साथ विकसित किया गया है कि वे भारत को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दें। ये इकाइयाँ देश के अहम क्षेत्रों को मजबूती देने, हरित विकास के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और वैश्विक जरूरतों के अनुसार तेजी से ढलने में सक्षम हैं। जिंदल स्टेनलेस के लिए ये पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है। यह उपलब्धि जिंदल स्टेनलेस परिवार के हर सदस्य की है, जो हर दिन उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करता रहता है।

जिंदल स्टेनलेस, हिसार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं यूनिट हेड श्री विजय बिंदलिश ने कहा कि हमारा हिसार प्लांट अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है और लगातार शहर व आस-पास के इलाकों की आर्थिक तरक्की में योगदान दे रहा है। हमारा पूरा ध्यान भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में स्टेनलेस स्टील की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने पर है। हम उत्पादन गुणवत्ता और संचालन दक्षता के नए मानक गढ़ने और राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सम्मान हमारी पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है और हमें लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

# सीआईए टोहाना की बड़ी कार्रवाई : गांव अलीका में कपड़ा दुकानदार से 18.44 ग्राम हेरोइन बरामद

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**



**रतिया, 16 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन (आईपीएस) के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता मिली है। टीम ने गांव अलीका में कार्रवाई करते हुए एक युवक को 18.44 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार युवक की पहचान गुरमीत उर्फ अमरीक सिंह पुत्र जसवंत सिंह, निवासी गांव अलीका के रूप में हुई है। आरोपी गांव में कपड़ों की दुकान चलाता है, लेकिन गुप्त सूचना के अनुसार वह नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री में भी संलिप्त था।

**गुप्त सूचना के आधार पर दबिश**

सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक ने जानकारी दी कि पुलिस टीम, एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की तलाश में गांव कलौठा में मौजूद थी, तभी उन्हें सूचना मिली कि गुरमीत सिंह अपने गांव अलीका में दुकान के बाहर गली में हेरोइन बेचने की फिराक में है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गांव अलीका में दबिश दी। वहां दुकान के बाहर सीढ़ियों पर बैठे एक संदिग्ध युवक को काबू किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम गुरमीत सिंह बताया।

**हेरोइन बरामद, मामला दर्ज**

संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसके पास से 18.44 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और थाना सदर रतिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी के नेटवर्क, आपूर्ति स्त्रोत और संबंधित अन्य पहलुओं की गहन जांच कर रही है। आरोपी को आज कोर्ट मे पेश किया जाएगा।

# युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 जून।** शहर के गौशाला रोड से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

पुलिस को दी शिकायत में युवती के परिजनों ने बताया कि बीती 14 जून की सुबह उनकी बेटी किसी काम से घर से गई थी, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ज्ञान, न्याय, सेवा, व्यापार और उद्योग एक साथ मिलकर राष्ट्र की नींव को कर रहे ओर अधिक मजबूत: कृष्ण लाल पंवार

## सनातन धर्म मंदिर में आयोजित प्रोफेशन मीट में हरियाणा के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भू विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने किया डॉक्टर, वकील, व्यापारी, उद्योगपतियों को संबोधित

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**

**कैथल, 16 जून।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रोफेसर, डॉक्टर, वकील, व्यापारी और उद्योगपति भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम योगदान दे सकते हैं। ये वर्ग ज्ञान, न्याय, सेवा, व्यापार और उद्योग के माध्यम से राष्ट्र की नींव को मजबूत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पिछले 11 साल में देश ने विकास में लंबी छलांग लगाई है। इसी का नतीजा है कि देश आज दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। विकास की इसी गति से देश तय अवधि तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने अनुसार विकसित राष्ट्र होगा।

मंत्री कृष्ण लाल पंवार सोमवार को कमेटी चौक स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित प्रोफेशन मीट में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा वरिष्ठ नेता बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सह-संयोजक रविभूषण गर्ग ने की। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। अपने संबोधन में मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-विकसित हरियाणा की और तेजी से अग्रसर है। यह सम्मेलन, केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विकसित भारत-विकसित हरियाणा के निर्माण की एक झलक है। ये सभी वर्ग ज्ञान, न्याय, सेवा, व्यापार और उद्योग एक साथ मिलकर राष्ट्र की नींव को और अधिक मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र को मजबूत बना रहे हैं। प्रोफेसर्स से अपील है कि वे स्किल और स्टार्टअप कल्चर को बढ़ाएं। इसी प्रकार से डॉक्टर जन स्वास्थ्य के मिशन में भागीदारी निभा रहे हैं। वकील समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में योगदान देते हैं। व्यापारी स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों से जोड़ें और उद्योगपति नवाचार, स्टार्टअप और ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहित करें। हरियाणा के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से हमने ज्ञान को रोजगार से जोड़ा है, शिक्षा को समावेशी बनाया है और शोध को प्रोत्साहन दिया है। वर्तमान सरकार ने हर 20 किलोमीटर में एक कॉलेज खोलने का काम किया है।



आज प्रदेश में कुल 185 कॉलेज है। हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 80 कॉलेज खोले है। इनमें से 30 कॉलेज केवल लड़कियों के हैं। जबकि, कांग्रेस के राज में केवल 44 खोले गए थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट्स और न्याय प्रणाली के डिजिटलीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री जी ने 2014 के बाद से 1500 से अधिक निरर्थक व पुराने केंद्रीय कानूनों को निरस्त किया है। सरकार ने देश की प्रगति, समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए अनेक ऐतिहासिक कानून लागू किए हैं। आज देश सुरक्षित हाथों में है और दुश्मन को करारा जवाब दिया जाता है। मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र को साकार करने वाले सशक्त उपकरण हैं। भारत अब न्याय और विकास की दिशा में नई गति से आगे बढ़ रहा है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से वर्तमान सरकार ने स्वास्थ्य सेवा को हर गरीब के घर तक पहुंचाया है। पिछले 10 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों संख्या बढ़कर 15 हो गई है, जबकि वर्ष 2014 से पहले केवल छह मेडिकल कॉलेज थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने व्यापार के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग को सुधारने का कार्य किया, कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया। जहां व्यापारी वर्ग लोगों को रोजगार देने के साथ साथ समाज को आगे भी बढ़ाते हैं। जीएसटी को व्यापारी वर्ग की मदद से ही सफल बनाया जा सका है। आज भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में उद्योगपतियों का बड़ा योगदान है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाएं आपके आत्मविश्वास पर ही आधारित हैं। हमारा लक्ष्य हरियाणा को 2047 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना और 50 लाख नए रोजगार सृजित करना है। हरियाणा सरकार ने भविष्य की प्रौद्योगिकियों और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर बनाया है। प्रदेश के हर जिले को एक एक्सपोर्ट हब बनाना हमारा सपना है। आप सब वोकल फॉर लोकल से आगे बढ़कर लोकल टू ग्लोबल की यात्रा तय करें। सरकार और आपके संयुक्त प्रयास से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। आढ़तियों का कमीशन 46 से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति मिंटल किया गया है। महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में 11 साल में संकल्प से सिद्धि तक को सार्थक किया है। देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। इसी प्रकार से हरियाणा सरकार भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में जनकल्याण की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रोफेशन मीट में सरकार की 11 साल की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें हर्ष हो रहा है कि आज देश व प्रदेश का सशक्त नेतृत्व आम जनमानस के हित में काम कर रहा है। जिसका परिणाम आज देश के सामने है।

# रतिया पुलिस को नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता झ एक आरोपी गिरफ्तार, हेरोइन व स्कूटी बरामद

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**



**रतिया, 16 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत रतिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना शहर रतिया पुलिस टीम ने गऊशाला रोड पर एक युवक को काबू कर उसके पास से 30.16 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रवीण शर्मा पुत्र महेन्द्र शर्मा, निवासी विद्युत नगर, हिसार (हाल निवासी अनाज मंडी, रतिया) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त की है।

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र के पास गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी सवार युवक पुलिस नाका देखकर स्कूटी मोड़ने की कोशिश में स्कूटी बंद होने के कारण पकड़ा गया। तलाशी लेने पर युवक के पास से 30.16 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रवीण शर्मा बताया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# बिजली कर्मचारियों की कन्वेंशन 19 को

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 16 जून।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक सोमवार को कर्मचारी नेता ज्वाला सिंह की अध्यक्षता में रानियां में हुई जिसमें आगामी 9 जुलाई 2025 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को विमर्श किया गया। मंच संचालन सुनील दत ने किया। कर्मचारी नेता अविनाश चंद व सुखदेव सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि चेयरमैन देवेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में आगामी 19 जून 2025 को कन्वेंशन है जिसमें वे डबवाली व सिरसा में कर्मचारियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए, राज्य का अलग से आठवां वेतन आयोग गठित किया जाए, स्थाई भर्ती की जाए, लाखों बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए, जनता को अच्छी सुविधा मिले, महंगाई पर रोक लगाई जाए, किसान मजदूर, दुकानदार की तमाम मांगों को लेकर ऐतिहासिक हड़ताल होगी। इस मौके पर सुरजीत सिंह बेदी, गुलबाग सिंह, कनीराम, शीशपाल, विनोद कुमार, हरदीप सिंह, हरदेव सिंह, रविंद्र सिंह, ज्वाला सिंह, सुनील दत्त, पवन कंबोज, बिंदर व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# शाहाबाद मंडी में सूरजमुखी खरीद पर ब्रेक : आढ़तियों की हड़ताल से ठप्प सरकारी सिस्टम

## अब 4 दिन बाद सचिव ने थमाया आढ़तियों को नोटिस : किसान बेहाल

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा, 16 जून।** सूरजमुखी खरीद को लेकर सरकार और आढ़तियों के बीच टकराव गहराता जा रहा है। एक ओर किसान अपनी उपज के भुगतान को लेकर चिंतित हैं, वहीं दूसरी ओर आढ़ती अपने हक को लेकर अड़े हैं। शाहाबाद की अनाज मंडी में प्रदेश की लगभग 50% सूरजमुखी की फसल आती है, वहां पिछले चार दिनों से सरकारी खरीद पूरी तरह ठप पड़ी है। आढ़ती अपनी पुरानी मांग पर अड़े हैं कि उन्हें हर वर्ष की तरह इस बार भी 2.5% आढ़त मिले, जबकि इस वर्ष सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन में केवल 1% आढ़त का प्रावधान किया गया है। इस गतिरोध से न सिर्फ सरकारी खरीद प्रभावित हुई है, बल्कि किसान भी खासे परेशान हैं। मंडी में आए माल की तुलाई, सफाई और भराई रुक चुकी है, जिससे किसानों के भुगतान में भी देरी हो रही है। मंडी सचिव कृष्ण कुमार मलिक ने मंडी एसोसिएशन के प्रधान बिट्टू कालड़ा और धनपत राय अग्रवाल को सोमवार को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि 11 से 14 जून के बीच हैफेड ने 33,777 क्विंटल और स्टेट वेयर हाउस ने 1,109 क्विंटल सूरजमुखी की खरीद की है। लेकिन 16 जून तक संबंधित आई और जे फॉर्म पोर्टल पर जनरेट नहीं किए गए हैं, जिससे किसानों के भुगतान और माल के उठान में बाधा आ रही है। सचिव ने सभी आढ़तियों को निर्देश दिया है कि नोटिस मिलने के एक घंटे के भीतर सभी लंबित फॉर्म जनरेट करें। सचिव ने यह भी कहा कि यदि किसी आढ़ती को कोई समस्या है, तो वे लिखित में अपना पक्ष मार्केट कमेटी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि उसे उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जा सके।



**भारतीय किसान यूनियन बुलाएगी बैठक : राकेश बैंस**

सचिव और आढ़तियों की बैठक में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रवक्ता राकेश बैंस भी उपस्थित रहे। बैठक खत्म होने के बाद राकेश बैंस ने कहा कि मौसम खराब है और किसान अपनी फसल को घर रखने में बेबस है। पिछले 3 दिनों से सरकारी खरीद बंद है और सरकार एंव प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे है। उन्होंने कहा कि अगर आज समाधान नहीं हुआ, तो यूनियन किसानों की बैठक बुलाएगी और कड़ा फैसला लेगी। यहाँ बता दें कि 13 जून को जब सरकारी नोटिफिकेशन आया था तो भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी आढ़तियों के समर्थन में आए थे।

**आढ़तियों का आरोप: 'सचिव ने किया विश्वासघात' :**

मंडी प्रधान बिट्टू कालड़ा और धनपत राय अग्रवाल ने आरोप लगाया कि सचिव कृष्ण कुमार मलिक ने पहले आढ़तियों को भरोसा दिलाया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी उन्हें 2.5% आढ़त दी जाएगी। इसी विश्वास में आढ़तियों ने दो दिन में 1.60 लाख कट्टों की भराई करवा दी। लेकिन बाद में नोटिफिकेशन में केवल 1% आढ़त का उल्लेख सामने आया, जिससे वे स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा को देखते हुए 13 जून की रात 9 बजे तक मंडी में भराई का काम किया गया, लेकिन अब शनिवार से मंडी में सूरजमुखी से संबंधित सभी कामकाज रोक दिए गए हैं और आढ़ती अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। आढ़तियों का साफ कहना है कि जब तक उन्हें 2.5% की दर से आढ़त नहीं मिलेगी, वे माल के आई और जे फॉर्म जनरेट नहीं करेंगे। सोमवार शाम को आढ़तियों की बैठक होगी, जिसमें सचिव द्वारा दिए गए नोटिस पर चर्चा की जाएगी। सचिव के साथ हुई बैठक में मंडी प्रधानो के साथ आढ़ती जैसे यशपाल सिंगला, त्रिलोक सिंगल, प्रवीण गर्ग, पवन गौतम, अशोक गुप्ता, प्रवीण गाबा और त्रिलोचन सिंह हांडा भी मौजूद रहे।

**सचिव ने कहा मैंने कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया :**

मंडी सचिव कृष्ण कुमार मलिक ने कहा कि सूरजमुखी की सीधी खरीद का 25% कोटा पूरा होने के बाद आढ़तियों के माध्यम से हैफेड की कमर्शियल खरीद शुरू करवाई गई थी। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि पोर्टल पर इस बार केवल 1% आढ़त की अनुमति है और इसे बढ़ाने का अधिकार खरीद एजेंसियों का है, न कि उनका। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने किसी को कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया।

## संपादक की कलम से

# रिश्तों के एटीएम को संभालें, 'यूजर एग्रीमेंट' करने से बचें

पिछली सदी में साइकिल की घंटी, सांझ की चौपाल, या आंगन का पीपल रिश्तों की धड़कन होते थे। किसी के दरवाजे पर दो बार दस्तक हुई तो मतलब साफ था-चाय पकाओ, गपशप होने वाली है। आज दरवाजा कम बजता है, मोबाइल ज्यादा। और मोबाइल भी कई बार हाथ में नहीं, डाइनिंग-टेबल पर पड़ा-पड़ा नोटिफिकेशन बजाता है- पैकेज आउट फॉर डिलीवरी। दिनचर्या इतनी ऐप आधारित हो चुकी है कि रिश्ते भी 'ऑन-डिमांड सर्विस' जैसा अनुभव देने लगे हैं। मां की याद तब आती है जब 'घर का अचार' खत्म हो जाता है। भाई का नाम फोन-बुक में तभी स्क्रॉल होता है जब ट्रैफिक चालान से बचने के लिए किसी कनेक्शन की दरकार होती है। कॉलेज के दोस्त तभी याद करते हैं जब उन्हें किसी रेफरेंस लेटर की जरूरत पड़ती है। 'दिलचस्पी' दिनदहाड़े गायब हो चुकी है और हमने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी नहीं लिखवाई। क्यों? क्योंकि हमारी जरूरतें आराम से पूरी हो रही हैं।

जरूरत और दिलचस्पी का द्वंद्वः जरूरतें बुरी नहीं हैं। पानी, भोजन, सुरक्षा, सहा-ये सब एक बुनियादी सच हैं। समस्या तब शुरू होती है जब रिश्तों की पूरी परिभाषा ही जरूरतों पर टिक जाती है। प्यार, आदर, साझा हंसी, बेवजह के मेसेज-ये सब 'लग्जरी आइटम' माने जाने लगते हैं। नतीजा? संवाद सूखता है, उत्साह मुरझाता है और रिश्ता अपनी ही परछाई ढोता रहता है। 'कैसे हो?' का जवाब कभी ताल्लुक निभाने के लिए था। अब यह कस्टमर केयर का स्क्रिप्टेड सवाल लगने लगा है। जोश, जिज्ञासा और जुड़ाव, एक-एक कर सिकुड़ते हैं। दिलचस्पी 'टॉप-अप' की तरह है। समय-समय पर न हो तो सर्विस बंद। पर हम अकसर इसे भूल जाते हैं और फिर हैरान होते हैं कि नेटवर्क क्यों नहीं आ रहा।

**आधुनिकता के चार कड़वे साइड इफैक्ट**

**1. डिजिटल पुल और भावनात्मक दूरीः** हम 'कनेक्टेड' तो हैं, पर 'क्लोज' नहीं। विडंबना देखिए-वीडियो कॉल करते हुए भी हम आंखों में आंखें नहीं देख पाते, क्योंकि कैमरा स्क्रीन के ठीक बगल में है।

**2. समय का निवेश नहीं, आउटसोर्सिंग का चलन**ः जन्मदिन का केक, सालगिरह का तोहफा, मां के घुटनों की दवाई-सब 'ऐप सेकेंड' में बुक। व्यक्तिगत श्रम की जगह 'प्रोसेस्ड केयर' ने ली। एहसान की जगह 'ट्रैकिंग आईडी'।

**3. पर्सनल ब्रांडिंग का दबावः** रिश्ते अब फोटो-फ्रेंडडली मूमेंट्स का कोलाज हैं। रियल्टी में खिलखिलाना कम है। सोशल फीड में 'स्टोरी' ज्यादा। हर मुलाकात एक संभावित पोस्ट है। और पोस्ट अगर लाइक्स न बटोर पाए तो दोस्ती में भी 'कंटेंट वैल्यू' कम आंकी जाती है।

**4. उपभोक्तावाद का शोरः** मार्केटिंग ने हमें सिखाया-संतुष्टि खरीदी जा सकती है। नतीजे में हम रिश्तों से भी रिटर्न-ऑन-इन्वेस्टमेंट चाहने लगे। मैंने दादी को विंटर जैकेट भेजा, बदले में वीडियो कॉल तक नहीं मिला। जैसे स्नेह कोई कैश-बैक स्कीम हो।

सामाजिक विज्ञान का नजरियाः समाजशास्त्री बताते हैं कि औद्योगिक क्रांति से लेकर आईटी क्रांति तक, जैसे-जैसे जॉइंट फैमिली से न्यूक्लियर फैमिली की ओर झुकाव बढ़ा, जिम्मेदारियां तो विभाजित हुईं पर समर्थन-तंत्र भी बिखर गया।

अब हर इकाई अपने दम पर दौड़ रही है, इसलिए 'सर्वाइवल' सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया। दिलचस्पी एक 'नॉन-एसेंशियल अमीनीटी' की तरह अंत में जुड़ती है, अगर शक्ति और समय बचा तो।

मानसिक स्वास्थ्य पर असरः इनसान सामाजिक प्राणी है-यह पाठ चौथी कक्षा की किताब में पढ़ाया जाता है, पर समाज की चकाचौंध में अकसर छूट जाता है कि भावनात्मक संबंध ऑक्सीजन की तरह हैं। लगातार 'फंक्शनल' रिश्ते (जहां बस लेन-देन हो) अवसाद, तनाव, और एकाकीपन को बढ़ाते हैं। शेयर मार्केट की भाषा में कहें तो 'इमोशनल डिविडेंड' गिरने लगता है और इनसानी 'निवेशक' धीरे-धीरे हताश हो जाता है।

**दिलचस्पी बचाने के पांच मंत्र**

1. शारीरिक उपस्थिति का महत्वः महीने में कम से कम एक बार बिना किसी 'कारण' के मिलने जाएँ। डिजिटल मीटिंग काम की है, पर 'अनप्लग्ड' साथ का स्वाद कुछ और होता है।

2. अनुस्मृति के छोटे बीजः पुराने फोटो प्रिंट कर फ्रिज पर लगाएं। हाथ से लिखे नोट्स भेजें। टच का स्पर्श हमेशा स्क्रीन से गहरा होता है।

3. साझा अनुष्ठान बनाएंः चाहे रविवार की दोपहर की खिचड़ी हो या हर पूर्णिमा पर चांद देखना-एक छोटा सा रिवाज रिश्ते का 'रिकरिंग डिपॉजिट' है।


4. डिजिटल डिटॉक्स स्लॉटः परिवार या मित्रों के साथ जब भी हों, फोन 'डिस्टर्ब' मोड में डालें। पांच में से दो मुलाकातें भी यूं हो जाएं तो दिलचस्पी की बैटरी चार्ज रहती है।

5. शब्दों का आदान-प्रदानः 'मुझे तुम पर गर्व है', 'आज तुम्हारी याद आई', 'चलो पुराने गाने सुनते हैं'-ऐसे वाक्य बोनस अंक देते हैं। जरूरी नहीं कि मुद्दा भारी-भरकम हो। भावना हल्की सी हो पर ईमानदार हो।

कल्पना कीजिए, अगर रिश्तों का भी 'यूजर एग्रीमेंट' होता तो कैसा होता

'मैं, फलां-फलां, यह स्वीकार करता/करती हूं कि मैं केवल अपने लाभ के लिए आपको याद करूंगा/करूंगी। अगर दिलचस्पी घटे तो 'अनसब्स्क्राइब' कर दूंगा/दूंगी और शिकायत करने पर 'कस्टमर सपोर्ट' को ई-मेल करूंगा।' यह सुनने में हास्यास्पद लग सकता है, पर व्यवहार में हम अकसर यही तो करते हैं! गुस्सा आए तो ब्लॉक, हंसी आए तो रिएक्ट, उदासी आए तो म्यूट। मानो इंसान नहीं, नोटिफिकेशन हों-जिन्हें स्लाइड करके साइड में किया जा सकता है।

# नील गगन की चुप्पी



नील गगन की गोद में उड़ता,
एक सपना था लौटा करता,
हर पंख में भरोसा लिपटा,
हर आंख में घर का रस्ता।
जिनके लिए थी वो उड़ानें,
जिनके संग थीं मुस्कानें,
वे चेहरे अब मौन खड़े हैं,
कुछ तस्वीरों में बंद पड़े हैं।
ना तूफां था, ना ही मौसम खराब,
फिर क्यों टूटा वो आसमान का जवाब?
एक पल में सब कुछ चूर हुआ,
जीवन का संगीत दूर हुआ।

माँ की गोदी अब सूनी है,
पिता की नजरें वीरानी हैं,
जिस बेटे ने कहना था "आया",
अब उसकी खबर ही कहानी है।
कोई चूड़ी, कोई पायल टूटी,
कोई मासूम हँसी झूठी छूटी,
सपनों का भार था उस पंछी पर,
जो गिर पड़ा कर्तव्यों के नभ पर।
कहाँ गया वो उत्तर देने वाला?
कहाँ छिपा है सच को छुपाने वाला?
सवालों की कतारें हैं लंबी,
पर उत्तरों की चुप्पी है गहरी।

चलो आज अश्रु-नयन बहाएं,
मन के दीपक से श्रृद्धा जताएं,
जो चले गए – उनका नाम जपे,
और मन ही मन प्रार्थना रचे –
"हे ईश्वर! अब ऐसा ना हो,
ना कोई माँ सूनी गोद सहे,
ना कोई घर खाली हो जाए,
ना उड़ान कभी दुःख में ढले।"
----- ------ -------

**प्रेम विज**
**1284 सेक्टर 37बी**
**चंडीगढ-160036**

# पोषण और स्वास्थ्य से जूझ रहे 80 करोड़ भारतीयों के लिए जीडीपी रैंकिंग अप्रासंगिक

**- पी. सुधीर**




सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों को लेकर यह जुनून आकस्मिक नहीं है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान की विशेषता है। यह लोगों की स्थिति और उनकी आजीविका के बारे में जितना बताता है, उससे कहीं अधिक छिपाने में मदद करता है। वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा होते हुए भी, यह विकृति भारत में विशेष रूप से स्पष्ट है, जिसे अब दुनिया की सबसे असमान अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है।

नीति आयोग के सीईओ ने दावा किया है कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कम से कम इतना तो सच कहा कि यह बात अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक परिदृश्य में 2025-26 के अनुमानों पर आधारित थी। आगे विस्तार से जानने पर हमें ठीक-ठीक पता चलता है कि भारत की नाममात्र जीडीपी जापान के 4,186.431अरब डॉलर से थोड़ा आगे बढ़कर 4,187.017अरब डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है। यह बिलकुल अलग बात है कि भारत की प्रति व्यक्ति आय डॉलर के हिसाब से नाममात्र है और जो जापान की प्रति व्यक्ति आय का मात्र तेरहवां हिस्सा है। इसलिए, मोदी सरकार के आर्थिक थिंक टैंक के समर्थकों के बीच मौजूदा उत्साह, जिसे गोदी मीडिया के चाटुकारों द्वारा और बढ़ाया जा रहा है, विचित्र लगता है।

दरअसल, सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों को लेकर यह जुनून आकस्मिक नहीं है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान की विशेषता है। यह लोगों की स्थिति और उनकी आजीविका के बारे में जितना बताता है, उससे कहीं अधिक छिपाने में मदद करता है। वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा होते हुए भी, यह विकृति भारत में विशेष रूप से स्पष्ट है, जिसे अब दुनिया की सबसे असमान अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत की आबादी के शीर्ष 1 प्रतिशत के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, जबकि निचले 50 प्रतिशत के पास केवल 3 प्रतिशत है। आय असमानता भी उतनी ही स्पष्ट है - शीर्ष 10 प्रतिशत लोग राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत से अधिक कमाते हैं। इस संदर्भ में, समग्र जीडीपी और यहां तक कि प्रति व्यक्ति जीडीपी के प्रति जुनून केवल एक भ्रामक मीट्रिक नहीं है; यह तो कॉर्पोरेट-सामुदायिक गठजोड़ द्वारा सार्वजनिक चर्चा को विचलित करने के लिए जानबूझ कर बनाई जा रही हवा है।

इसका आधार स्पष्ट और जोरदार है। जैसा कि ब्राजील के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अल्फ्रेडोसाद-फिल्हो ने 2006 में देखा था, 'यह वित्त-संचालित नवउदारवादी शासन के तहत सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में गैर-हस्तक्षेप के वैचारिक आवरण के तहत एक आधिपत्य परियोजना को लागू करने के लिए राज्य शक्ति के व्यवस्थित उपयोग पर आधारित शोषण और सामाजिक वर्चस्व है।ׄ वित्तीय बाजारों और अमेरिकी पूंजी के वैश्विक हितों के तहत, वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन पूंजी का मुख्य कार्य नहीं रह गया है। इसके बजाय, पूंजी अब मुख्य रूप से सट्टा वित्तीय गतिविधियों के माध्यम से अल्पकालिक सुपर-मुनाफा उत्पन्न करने के लिए तैनात की जाती है।

वित्त द्वारा मध्यस्थता, अर्थव्यवस्था में पूंजी के तीन मुख्य स्रोतों- राज्य वित्त, घरेलू बचत पूल और घरेलू और विदेशी पूंजी के बीच संबंध - पर नियंत्रण तेजी से अनियमित और केंद्रित हो गया है। यह गतिशीलता उस हताशा में परिलक्षित होती है जिसके साथ ट्रम्प प्रशासन ने घरेलू विनिर्माण नौकरियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास में टैरिफ युद्ध को आगे बढ़ाया। विडंबना यह है कि यह अमेरिका के नेतृत्व वाले साम्राज्यवाद के तत्वावधान में जिसमें वित्त का वैश्विक प्रभुत्व पहली बार स्थापित हुआ था। सदी के अंत में, 2000 में, वैश्विक विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) 400 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ गया, जबकि वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) केवल 65 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर था - प्रत्यक्ष निवेश के प्रत्येक डॉलर के लिए, स्टॉक और डेरिवेटिव जैसे सट्टा साधनों में सात डॉलर डाले गये। लगभग एक चौथाई सदी बाद, वित्त का प्रभुत्व और भी अधिक स्पष्ट है। स्पष्ट रूप से, आईएमएफ के अनुमानित जीडीपी आंकड़े समकालीन पूंजीवाद के आंतरिक कामकाज या श्रमिक वर्ग के लिए इसके विनाशकारी परिणामों को समझाने के लिए अत्यल्प जानकारी प्रस्तुत करते हैं। भारत में, आबादी का शीर्ष 1 प्रतिशत कुल सकल घरेलू उत्पाद का 40 प्रतिशत नियंत्रित करता है। इसका मतलब है कि लगभग 1.4अरब लोगों की प्रति व्यक्ति आय केवल 1,670 अमरीकी डॉलर के आसपास रह गयी है। अगर हम देश की 62 प्रतिशत संपत्ति पर नियंत्रण रखने वाले शीर्ष 5 प्रतिशत लोगों को हटा दें, तो औसत और भी गिरकर लगभग 1,100 अमेरिकी डॉलर हो जाता है - जो सालाना 1 लाख रुपये से भी कम है। यह आबादी के भारी बहुमत द्वारा सामना की जाने वाली गंभीर वास्तविकता को दर्शाता है।

इस असमानता को और भी जटिल बनाता है जीडीपी योगदान में क्षेत्रवार विषमता। जीडीपी का बड़ा हिस्सा पूंजी-गहन सेवा क्षेत्रों और बड़े कॉर्पोरेट उद्यमों द्वारा उत्पन्न होता है। इस बीच, असंगठित अनौपचारिक क्षेत्रों और कृषि में लगे लोग - जो कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं - कुल जीडीपी में केवल एक नगण्य हिस्सा योगदान करते हैं। नतीजतन, बढ़ती बेरोजगारी के साथ-साथ स्थायी आय और आजीविका में संकट गहराता जा रहा है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' में है 'भविष्य के भारत की सोच '

**लोकेन्द्र सिंह**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर कदम बढ़ा रहा है। ऐसे में संघ को लेकर गहरी रुचि और जिज्ञासा सामान्य लोगों से लेकर बौद्धिक जगत में दिखाई दे रही है। संघ के संबंध में अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिन्हें विद्वानों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखा है। इस श्रृंखला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर की पुस्तक 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' ने प्रकाशन जगत और बुद्धिजीवी वर्ग का ध्यान खींचा है। यह पुस्तक अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जब संघ की सृष्टि में रचा-बसा लेखक कुछ लिखता है, तब उसे पढ़कर संघ को ज्यादा बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। यह ऐसी पुस्तक है, जो लेखक की प्रत्यक्ष अनुभूति के साथ विकसित हुई है। संघ की यात्रा और विभिन्न मुद्दों पर संघ का दृष्टिकोण बताते हुए सुनील आंबेकर अपनी संघ यात्रा को भी रेखांकित करते हैं। यह प्रयोग संघ को व्यवहारिक ढंग से समझने में हमारी सहायता करता है। मनोगत में स्वयं लेखक सुनील जी लिखते हैं कि यह पुस्तक उनके लिए है जो व्यवहार रूप में संघ को समझना चाहते हैं, उसके माध्यम से जिसने संघ को जिया है। सुनील आंबेकर का लंबा समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को गढ़ने में भी बीता है। सुनील जी बाल्यकाल से स्वयंसेवक हैं। संघ के साथ उनके संबंध नैसर्गिक रूप से विकसित हुए हैं। नागपुर में उनका घर संघ मुख्यालय के पड़ोस में ही है। उनके घर का द्वार संघ कार्यालय के प्रांगण में ही खुलता था।

'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' पाठकों को न केवल संघ की बुनियादी जानकारी देती है अपितु 'भविष्य के भारत' को लेकर संघ की क्या सोच है, उस पर भी यह पुस्तक बात करती है। पुस्तक के प्रारंभिक अध्यायों में संघ की स्थापना की पृष्ठभूमि पर चर्चा है। संघ की स्थापना के उद्देश्य, उसकी आवश्यकता और उसकी कार्यप्रणाली को ठीक प्रकार से समझना है, तब हमें संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जीवन चरित्र अवश्य पढ़ना और जानना चाहिए। इस पुस्तक में यह उल्लेख एक से अधिक स्थानों पर आया है। डॉक्टर साहब क्रांतिकारी संगठनों में रहे, कांग्रेस में भी सक्रिय रहे। वे नागपुर में कांग्रेस के प्रमुख नेता थे। डॉक्टर साहब के पास सामाजिक-राजनैतिक क्षेत्र का समृद्ध अनुभव था, उसी में से उनके हृदय में संघ बीज का प्रस्फुटन हुआ। सुनील जी लिखते हैं, "डॉक्टर साहब का मानना था कि भारत की गुलामी का कारण केवल विदेशी ताकतें नहीं हैं, जिन्होंने आक्रमण किए अपितु आंतरिक कलह और मतभेद भी इसके कारण रहे हैं। एक ऐसे स्थान की आवश्यकता थी, जहां सब बड़े-छोटे या अन्य लोग किसी भी प्रकार के भेदभाव को भूलकर संवाद कर सकें। इसी विचार ने आगे चलकर शाखा की संकल्पना को जन्म दिया।" समर्थ गुरु रामदास और छत्रपति शिवाजी महाराज के चरित्र से समाज को संगठित करने का पाठ सीखकर डॉक्टर हेडगेवार ने एक ऐसे संगठन का निर्माण किया, जो व्यक्ति केंद्रित नहीं अपितु तत्व उसके मूल में है।

'संघ की मूल अवधारणाएं' बताते हुए लेखक सुनील जी लिखते हैं, "जिन मूल केंद्रीय अवधारणाओं से संघ के विचार का जन्म हुआ, ये हैं- राष्ट्रीयता, एकात्मता और सामूहिकता।' वे आगे लिखते हैं, "संघ के साथ जितना मेरा अनुभव रहा है, मुझे लगता है कि यह सामंजस्य, विश्वास एवं पारस्परिक आदर का भाव स्थापित करनेवाली और एकत्व स्थापित करनेवाली एक शक्ति है।" पुस्तक में अन्य स्थानों पर भी संघ की मूल अवधारणाओं की व्याख्या की गई है, उन्हें अलग-अलग ढंग से समझाने का प्रयास किया गया है। संघ के बारे में एक बात सबको समझनी चाहिए कि यह कोई जड़ संगठन नहीं है। समाज के साथ बहनेवाला जीवंत संगठन है, जो देश-काल-परिस्थिति के अनुसार समाज हित में अपने दृष्टिकोण को विस्तार देता है। लेकिन संघ की मूल अवधारणाएं स्थायी हैं, उनमें परिवर्तन स्वीकार्य नहीं है। जैसे-राष्ट्रीयता को लेकर संघ का स्पष्ट मत है कि यह देश 'हिन्दूराष्ट्र' है, संघ इसी अवधारणा के साथ जन्मा और उसी को लेकर आजतक चल रहा है। इस संबंध में पूर्व सरसंघचालक बालासाहब देवरस को उल्लेखित करते हुए वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी कहते हैं, "जब हमसे पूछा जाता है कि यह कैसे हुआ, वह कैसे हुआ? हमने पहले वैसा कहा था, अब ऐसा क्यों कह रहे हैं? इस प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देते हुए बालासाहब ने कहा था कि देखो भाई, हिन्दुस्थान हिन्दूराष्ट्र है, इस एक बात को छोड़कर बाकी सब बदल सकता है, क्योंकि हिन्दुस्थान हिन्दूराष्ट्र है यह किसी के दिमाग की उपजी हुई बात नहीं है। श्री आंबेकर पुस्तक में एक स्थान पर लिखते हैं कि संघ का विचार स्पष्ट और सरल है बेशक कई विद्वानों ने संघ पर कई गहन एवं जटिल ग्रंथ लिखे हैं किंतु केंद्रीय अथवा मूल विचार एक ही है-अच्छे बनो और उस अच्छाई को दूसरों की भलाई के कार्य करते हुए समाज में प्रकट करो।"

संघ की शाखा क्या है, संघ किस प्रकार काम करता है, संगठन की रचना किस प्रकार की है? ये ऐसे प्रश्न हैं, जो उन सबके मन में रहते हैं जो संघ को समझना चाहते हैं। इस सबका उत्तर पुस्तक में मिलता है। वहीं, आजकल बहुत से नेता एवं तथाकथित बुद्धिजीवी भ्रम का वातावरण बनाने के लिए और संघ के प्रति लोगों के मन में संदेह पैदा करने के कपटपूर्ण उद्देश्य से एक प्रश्न उछालते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन में संघ का क्या योगदान रहा है? इसका भी तथ्यापूर्ण उत्तर इस पुस्तक में मिलता है। बहुत कम लोग हैं जो यह जानते हैं कि संघ का स्वयंसेवक बनने के बाद स्वयंसेवक एक प्रतीज्ञा करते हैं और उसे बार-बार स्मरण करते हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व उस प्रतिज्ञा में एक पंक्ति आती थी- मैं हिन्दूराष्ट्र को स्वतंत्र कराने के लिए संघ का स्वयंसेवक बना हूं।

# अब आजीविका और नौकरियों पर ध्यान केंद्रित हो

**- डॉ.अजीत रानाडे**

इन सभी लक्ष्यों को अब नौकरियों पर खतरा पैदा कर रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी नई चुनौतियों के साथ हासिल करने होगें। कुल मिलाकर हमें जल्द ही सापेक्ष गरीबी व असमानता को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी क्योंकि उच्च आर्थिक विकास की लूट को शीर्ष पर बैठे कुछ लोगों को नहीं दिया जा सकता। अगले पांच वर्षों में अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन एक अच्छा मौका है लेकिन एक विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ने की यात्रा में हमें बहुत काम करना है।

विश्व बैंक के हाल के अनुमान में कहा गया है कि भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 34.40 करोड़ से घटकर 2022-23 में 7.50 करोड़ हो गई। यानी 11 वर्षों में 26.90 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी की दहलीज पार कर ली है। यह काफी प्रभावशाली और प्रशंसनीय है। गरीबी रेखा के संदर्भ में अत्यधिक गरीबी की क्रय शक्ति समायोजित एक तकनीकी परिभाषा है जिसे 2021 तक अपडेट किया गया है। अब यह 3 डॉलर प्रतिदिन है। गरीबी की एक अन्य संबंधित अवधारणा बहु-आयामी गरीबी सूचकांक (मल्टी डाईमेंशनल इंडेक्स-एमपीआई) के साथ घनिष्ठ संबंध रखने और उन्नत सर्वेक्षण के माध्यम से सटीक उपभोग आंकड़े एकत्र करने में भारत के लिए अपने सुधार का संज्ञान लेने के लिए भी इस अपडेट की आवश्यकता थी। गैर-तकनीकी शब्दों में विश्व बैंक की अत्यधिक गरीबी का अर्थ है ऐसे व्यक्तियों की आय इतनी कम होना है कि वह भोजन, स्वच्छ पानी, आश्रय और बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल की अपनी बुनियादी जरूरतों को भी पूरा नहीं कर सकता है।

इस तरह की कम आय की अभिव्यक्ति दीर्घकालिक भूख या अल्पपोषण, स्वच्छता तक पहुंच की कमी व बुनियादी प्राथमिक शिक्षा या प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच का अभाव में होती है। चरम रूप में इसका अर्थ भुखमरी से होने वाली मौतों का विस्तार भी है। इन गंभीर मानदंडों के अनुसार, भारत की अत्यधिक गरीबी दर अब जनसंख्या का 5.3 प्रतिशत है। इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि चूंकि भारत में 2011 से जनगणना नहीं हुई है इसलिए जनसंख्या के बारे में सटीक आंकड़ा या गरीबी अनुपात का भाजक अनुपलब्ध है। लेकिन कोई भी उचित अनुमान लगा सकता है। दुनिया में लगभग 83.80 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी में रहते हैं जिनमें से भारत के 7.50 करोड़ कुल आंकड़े का 9 प्रतिशत हैं। वैश्विक जनसंख्या में भारत की दोगुनी हिस्सेदारी को देखते हुए यह संतोषजनक है कि अत्यधिक गरीबी से निपटने के मामले में भारत वैश्विक औसत से आगे है। फिर भी कुल मिलाकर देखें तो भारत अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या में नाइजीरिया के बाद केवल दूसरे स्थान पर है। भारत की आबादी को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है लेकिन याद रखें कि चीन का अनुपात शून्य प्रतिशत के करीब है और चीनियों ने घोषणा की कि 2020 में ही उनके यहां अत्यधिक गरीबी समाप्त हो गई थी। संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में सतत विकास लक्ष्यों (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स- एसडीजी) की घोषणा की थी जिनमें से पहला लक्ष्य 2030 तक अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन था। इस प्रकार हमारे पास यह सुनिश्चित करने के लिए पांच साल बचे हैं कि हम एसडीजी के अनुसार अत्यधिक गरीबी से नीचे के लोगों के शून्य प्रतिशत के करीब पहुंचें। उल्लेखनीय है कि अत्यधिक गरीबी को मापने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली गरीबी रेखा 2017-18 में इस्तेमाल किए गए पहले के 2.15 डॉलर से 3 डॉलर में स्थानांतरित हो गई है। उस निचली सीमा के अनुसार में 2023 तक केवल 33.70 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी में रह रहे हैं। लेकिन 3 डॉलर की उच्च रेखा अधिक उपयुक्त है क्योंकि यह सभी कम आय वाले देशों की औसत गरीबी रेखाओं से ली गई है जिससे अंतरराष्ट्रीय तुलना अधिक वैध हो जाती है। यह राष्ट्रीय सर्वेक्षण डेटा और कार्यप्रणाली को भी ध्यान में रखता है।

यूएनडीपी और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एमपीआई एक अधिक व्यापक उपाय है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर को कवर करने वाले दस मैट्रिक्स का उपयोग करता है। इनमें बाल मृत्यु दर, खाना पकाने के ईंधन का उपयोग, स्वच्छता एवं पीने के पानी तक पहुंच आदि जैसे विशिष्ट संकेतक शामिल हैं। एमपीआई को मापने के लिए नीति आयोग 10 के बजाय 12 संकेतकों का उपयोग करते हुए मातृ स्वास्थ्य तथा बैंक खाते तक पहुंच को भी जोड़ता है।

नीति आयोग के शोध के अनुसार भारत का एमपीआई 2013-14 में 29 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.3 फीसदी हो गया। इस विश्लेषण के अनुसार (और एक अनुपलब्ध जनगणना संख्या की चेतावनी के साथ) लगभग 24.80 करोड़ लोग एमपीआई गरीबी से बच गए। यूएनडीपी द्वारा दस संकेतकों के साथ गणना की गई एमपीआई जिसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय तुलना के लिए किया जाता है, के अनुसार 2019-21 के दौरान भारत की एमपीआई गरीबी दर 15 फीसदी थी जो नीति आयोग द्वारा गणना की गई तुलना में लगभग 4 प्रति सैकड़ा अधिक थी। चूंकि 2017-18 के लिए व्यापक उपभोग सर्वेक्षण डेटा गायब है इसलिए इस विसंगति को हल करना संभव नहीं है। वर्ष 2021-22 में यूएनडीपी एमपीआई हेडकाउंट अनुपात के अनुसार वैश्विक रैंक में 109 देशों में भारत 66 क्रमांक पर था। विश्व बैंक ने अत्यधिक गरीबी पर अपने नवीनतम आंकड़ों के लिए एक सुसंगत वैश्विक रैंकिंग जारी नहीं की है। एमपीआई गरीबी दर के लिए नीति आयोग के आंकड़ों के मुकाबले यूएनडीपी द्वारा दिखाए गए उच्च एमपीआई ने विवाद पैदा कर दिया। बिजली या बैंक खातों जैसे अतिरिक्त संकेतकों का उपयोग जो सार्वभौमिक पहुंच के करीब हैं इस सूचकांक को तोड़ते-मरोड़ते हैं और इसे अधिक आशावादी बनाते हैं।



## खेत से सामान चुराने के दो आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 जून।** नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने गांव दड़बा कलां के खेतों में बने मकान से दो फराटें पंखे और दो सप्रे करने वाली ढोलकियां चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजेंद्र निवासी वजीतपुर, पंजाब और देबू निवासी दड़बा कलां के रूप में हुई है।

पीड़ित व्यक्ति विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव दड़बा कलां में जमीन ठेके पर ले रखी है और बीती 9 जून 2025 को वह खेत में बने मकान को लॉककर घर आ गया था। अगली सुबह खेत में जाकर देखा तो खेत में बने मकान का ताला टूटा हुआ मिला और मकान से दो पंखे और दो सप्रे करने वाली ढोलकियां कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू कर लिया और उनकी निशानदेही पर चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर अब न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

## बप्पां में लगी विधिक साक्षरता कार्यशाला



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 जून।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरसा के सचिव प्रवेश कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को गांव बप्पां में एक विधिक साक्षरता कार्यशाला आयोजित की गई जिसका संचालन पैनल एडवोकेट जस्करण और पी.एल.वी. नरेश कुमार ग्रोवर द्वारा किया गया।

उन्होंने ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी अधिकारों, और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की लडकी और 21 वर्ष से कम आयु के लडके का विवाह कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में कानून के अंतर्गत सजा और कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे बाल विवाह को रोकें और अपनी बेटियों को शिक्षा दें, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही वक्ताओं ने नशामुक्त जीवन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहें और खेल, शिक्षा व रोजगार में रुचि लेकर अपने जीवन को सकारा२त्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने कार्यशाला में गहरी रुचि दिखाई और २ऐसे कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता बताई।

## एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने 9 पुलिस जवानों को किया सम्मानित



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 जून।** पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक जनरल परेड़ की सलामी लेने उपरांत 9 पुलिस जवानों को प्रशस्ति पत्र व नकद ईनाम देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले पुलिस जवानों ने अपराध पर कारगर ढंग से अंकुश लगाकर अदम्य साहस का परिचय दिया है।

सम्मानित होने वालों में राइडर नंबर 8 पर तैनात सिपाही राजेश कुमार व एसपीओ जगजीत सिंह, राइडर नंबर 11 पर तैनात सिपाही प्रदीप सिंह व एसपीओ नरेश कुमार, राइडर नंबर 12 पर तैनात सिपाही सुरेंद्र कुमार व एसपीओ जसवंत सिंह, हैड कांस्टेबल प्रदीप कुमार थाना ऐलनाबाद, ई.एस.आई वेदप्रकाश पुलिस चौकी मल्लेकां और ई.ए.एस.आई सुरेंद्र कुमार थाना शहर सिरसा शामिल हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेवा सुरक्षा सहयोग, सहयोग, सच्ची निष्ठा, ईमानदारी का परिचय देते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बेहतरीन ढंग से ड्यूटी कर पुलिस विभाग में अपराधियों की धर पकड़ में अग्रणी भूमिका निभाई है। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अन्य पुलिस कर्मचारियों को कहा कि सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मचारियों से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जीवन में नियमित रुप से ईमानदारी से काम कर समाज में पुलिस विभाग की बेहतर छवि के लिए काम कर समाज में एक अनूठी मिसाल पेश करनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस जवानों को निर्देश देते हुए कहा कि वॉकी टॉकी सेट को अच्छी तरह से प्रयोग करते हुए रखरखाव का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि थानों में आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करें और प्राथमिकता के आधार पर पीड़ितों की सुनवाई कर उन्हें शीघ्र न्याय दिलवाने का प्रयत्न करें। ईआरवी डायल 112 गाडि?ों में लगे आधुनिक यंत्रों के बारे में प्रत्येक पुलिस कर्मचारी निपुण होना चाहिए ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने पर इवेंट स्थल पर निर्धारित समय पर पंहुचकर कर तुरंत सुलझाने का प्रयास करें। जरनल परेड़ उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सिरसा के प्रशासनिक भवन में खुला दरबार लगाकर पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुनकर तुरंत प्रभाव से निदान किया। एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने कहा कि पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना पहली प्राथमिकता रहेगी।

## श्री बालाजी मंदिर में 7 दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ आयोजन

**हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी**



**रादौर, 16 जून।** श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से शहर के कॉलेज रोड पर स्थित श्री बालाजी मंदिर में चल रही 7 दिवसीय श्रीराम कथा जारी रही। कथा के दूसरे दिन कथावाचक राम सुमिरन दास जी महाराज ने बताया कि भगवान विष्णु द्वारा कुल 10 अवतार लिए गए जिसमें से भगवान राम सातवें अवतार माने जाते हैं और यह अवतार भगवान विष्णु के सभी अवतारों में से सबसे ह्यादा पूजनीय माना जाता है। भगवान विष्णु ने राम बनकर असुरों का संहार करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लिया। भगवान श्री राम ने मातृ-पितृ भक्ति के चलते अपने पिता राजा दशरथ के एक आदेश पर 14 वर्ष तक वनवास काटा। नैतिकता, वीरता, कर्तव्यपरायणता के जो उदाहरण भगवान राम ने प्रस्तुत किए वह बाद में मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक बन गए। भगवान राम अपनी प्रजा को हर तरह से सुखी रखना चाहते थे। उनकी धारणा थी कि जिस राजा के शासन में प्रजा दुखी रहती है, वह राजा नरक भोगी होता है। इस अवसर पर समिति के प्रधान विनोद राणा, बबलू, प्रवीण, अनिल, प्रियकांत जोगी, श्री राम गर्ग आदि मौजूद रहे।

# कैंची धाम के स्थापना दिवस पर 501 सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ

### श्री रामलीला परिषद् ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**महेंद्रगढ़, 16 जून।** श्री रामलीला परिषद स्थित सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर में नीम करौली बाबा की तपोस्थली कैंची धाम का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा के सामूहिक 501 पाठ का वाचन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए परिषद के संरक्षक रमेश कौशिक, कार्यकारी प्रधान अमित मिश्रा ने बताया कि नीम करौली बाबा की गणना बीसवीं सदी के सबसे महान संतों में होती है। उन्होंने अपने जीवनकाल में अनेक मंदिरों का निर्माण करवाया। बाबा ने उत्तराखंड में नैनीताल के नजदीक कैंची में तपस्या की और वहाँ पहले हनुमान मंदिर का निर्माण किया। 15 जून को कैंची धाम का स्थापना दिवस होता है। कैंची धाम में इस दिन बहुत विशाल मेला लगता है जिसमें देश विदेश से लाखों की संख्या में बाबा के भक्त उपस्थित होते हैं। यही स्थापना दिवस कार्यक्रम श्री रामलीला परिषद में मनाया गया।



इसमें 501 सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। भजन कीर्तन किए गए। उसके बाद खीर जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। परिषद के सचिव दलीप गोस्वामी और प्रबंधक अतुल दीवान ने बताया कि परिषद प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में महीने के अंतिम शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सुधीर दीवान, संरक्षक आनंद शर्मा, रामवतार शास्त्री, सुभाष डागर, प्रमोद शास्त्री, महावीर भांडोरिया, रामचंद्र जांगड़ा, राजेश लावणिया, अनिल सेठ, राजेंद्र पोपली, सुशील शर्मा, नरेश चेयरमैन, नरेश जोशी, विक्रम कोका, मुकेश मेहता, विजय अग्रवाल, आशु बोहरा, सतीश पटोदिया, प्रवीण दीवान, सुरेश खोरीवाला, संदीप खोरीवाला, सुनील यादव, राजू सैनी, मोहन गोस्वामी, राजेश बोहरा, गिरधर गोपाल, सुरेश शास्त्री, बिट्टू सैनी, प्रदीप सेन, राजू सोनी, शेर सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सरकार ने जनता से किए हर वादे को किया पूरा: कैबिनेट मंत्री

### केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने किया अवलोकन

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 जून।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि केंद्र सरकार का 11 साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार ने जनता से किए हर वादे को पूरा करने का काम किया है।

केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का कैबिनेट मंत्री ने अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को सरकार की महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी के अवलोकन दौरान उनके साथ डीएमसी वीरेंद्र सहरावत, तहसीलदार सिरसा भुवनेश कुमार, डीएसडब्ल्यूओ सत्यवान ढिलौड, डीडब्ल्यूओ राकेश कुमार, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, भाजपा जिलाध्यक्ष सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष डबवाली रेणू शर्मा, जिला प्रभारी वेद फुल्लां, सिरसा नगरपरिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। सूचना,



जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा सिरसा स्थित सरल केंद्र परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कैबिनेट मंत्री ने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी मिलेगी।

**सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए किया कामः**

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए हैं। संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत इन कार्यों की जानकारी देने के लिए जनता के बीच जाएंगे और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण से लेकर महिला सशक्तिकरण, किसान के हितों की रक्षा और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण सहित हर वर्ग-क्षेत्र में विकास हुआ है।

**बिना पर्ची-खर्ची सरकारी नौकरी बड़ी उपलब्धिः**

कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने कहा कि आज हर परिवार का बच्चा जो योग्यता रखता है, वे बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरी में बड़े-बड़े पदों पर आसीन हो रहे हैं। आज हर कोचिंग सेंटर पर बड़ी संख्या में युवा कोचिंग के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी बनाकर कर्मचारियों को राहत देने का काम किया है।

**फसलों की एमएसपी पर की जा रही खरीदः**

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अब किसानों को न केवल उचित मुआवजा दिया जा रहा है, बल्कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छह हजार रुपये किसानों के खातों में दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद कर रही है। किसानों के खातों में फसल बेचने के उपरांत सीधी राशि भेजी जाती है।

**प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर हुआ मजबूतः**

मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि आज प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर हुआ है। राज्य का कोई भी ऐसा जिला नहीं जो नेशनल हाईवे से जुड़ा न हो। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हिसार में प्रदेश के पहले हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रप्रकाश बोस्ती, रोहताश जांगड़ा, बलजिंद्र सिंह जोशन, भूपेंद्र खट्टर, बलवान जांगड़ा, सुमन शर्मा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत किया नवप्रवर्तनों को आमंत्रित

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 16 जून।** युवा सोच को नई उड़ान देने के मकसद से विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा शुरू की गई इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत 15 जून 2025 से देश व प्रदेश के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में कक्षा 6 से 12 में पढ? वाले मेधावी विद्यार्थियों के नवप्रवर्तनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

**क्या है इंस्पायर अवार्ड मानक कार्यक्रमः**

इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसे प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया पहल के साथ जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य मेधावी छात्रों के अंदर छोटी आयु में ही विज्ञान की पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करना व वैज्ञानिक अनुसंधान को अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित व आकर्षित करना है। कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 12वीं के मेधावी विद्यार्थी जिनके आईडिया चयनित होते हैं, उनको दस हजार रुपए की अवार्ड राशि प्रदान की जाती है। इस राशि का उपयोग छात्रों द्वारा विज्ञान का एक प्रोजेक्ट या मॉडल बनाने व उसे जिला स्तरीय प्रदर्शनी व प्रतियोगिता स्थल तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। इसके तहत अवार्ड विजेता विद्यार्थी जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेता है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाता है।

**ये विचार नहीं होंगे मान्यः**

प्रतियोगिता में सामान्य विचार/प्रोजेक्ट जैसे पन बिजली परियोजनाएं बारिश के पानी का संग्रहण, जलस्तर सूचक, जैविक खाद, उर्जा बनाने के लिए टरबाइन का उपयोग, भूकंप सूचक यंत्र को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

इंस्पायर अवार्ड मानक में बच्चों को केवल नवप्रवर्तनों के लिए प्रेरित करना है। माता-पिता बच्चों को मौलिक विचारों को प्रोटोटाइप/मॉडल बनाने में मदद कर सकते हैं, लेकिन अपने खुद के विचार नहीं दे सकते हैं।- **डॉ. मुकेश कुमार जिला विज्ञान विशेषज्ञ**

इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत विद्यार्थियों के मौलिक विचारों को आमंत्रित किया गया है। विचारों का चयन उसकी नवीनता और नवप्रवर्तन के लिए विद्यार्थी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर किया जाएगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत करवा दिया गया है।**-वेद सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी, सिरसा।**

# जोर पकडने लगी सिरसा में आईआईटी की मांग

### विभिन्न राजनीतिज्ञ, सामाजिक, धार्मिक संस्थाएं कर रही प्रस्ताव पारित। केंद्रीय शिक्षामंत्री को प्रस्ताव भेजकर सिरसा को बताया आईआईटी के लिए उपयुक्त जिला

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 जून।** सिरसा जिले के विभिन्न राजनीतिज्ञों के साथ-साथ शहर की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सिरसा में आईआईटी स्थापना के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस कड़ी में जहां सामाजिक संस्थाओं के प्रति राजनीतिक तौर पर एकजुट होकर इस संस्थान को सिरसा में लाने के लिए एकजुटता की बातें करने लगे हैं वहीं अपने अपने स्तर पर प्रस्ताव भी पारित कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भेज रहे हैं और सिरसा को ही इस संस्थान की स्थापना के लिए उपयुक्त व बेहतर विकल्प बता रहे हैं।

इसी कड़ी में सिरसा वैल्फेयर एसोसिएशन के संयोजक आनंद बियानी ने कहा कि सिरसा में आई.आई.टी. की स्थापना के लिए सिरसा जिला के सभी विधायक, ग्राम पंचायतें व सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संस्थाओं को राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होने की जरूरत है। बियानी ने कहा कि आज सिरसा में 300 एकड़ से अधिक पंचायती भूमि प्रदेश के सभी गांवों से अधिक नज? आती है। उन्होंने सरकारी रिकॉर्डों को खंगालने के बाद बताया कि गांव कंवरपुरा में 331 एकड़, माधोसिंघाना में 324 एकड़, अहमदपुर में 400 एकड़, बणी में 414 एकड़, खारियां में 362 एकड़, धोतड़ में 316 एकड़, गिंदड़ा में 309 एकड़, नुहियांवाली में 374 एकड़, मिठीसुरेरां में 393 एकड़, मिठनपुरा में 342 एकड़, अली मोहम्मद में 317 एकड़, बकरियांवाली में 432 एकड़, चाहरवाला में 396 एकड़, दड़बा कलां में 631 एकड़, ढूकड़ा में 316 एकड़, गीगोरानी में 336 एकड़, गुसाईयाना में 403 एकड़, जमाल में 352 एकड़ पंचायती भूमि पड़ी है। बियानी ने कहा कि सिरसा में आई.आई.टी. बनने के पश्चात न केवल सिरसा की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी बल्कि इस संस्थान के बनने से सिरसा जिला शिक्षा के क्षेत्र का हब कहलाएगा। बियानी ने कहा कि इस संस्थान के बनने से व्यापार व अन्य क्षेत्रों में बढ़ोतरी के साथ-साथ इस जिले को देश के बड़े शहरों के रेल व सडक मार्ग के साथ-साथ हवाई मार्ग का रास्ता भी प्रशस्त होगा, इसलिए सिरसा जिला के सभी विधायकों, सभी ग्राम पंचायतें व सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लोगों को राजनीति से ऊपर उठकर इस प्रोजेक्ट के लिए एकजुट होकर प्रयास करने चाहिएं। बियानी ने यह भी कहा कि सिरसा संस्कृति की धरोहर है। यहां सरस्वती नदी बहती थी जिसके जंगलों में पांडव आकर रहे तथा इसी नगरी में संत गुरूनानक देव के चरण भी पड़े। उन्होंने कहा कि आज अगर हम एकजुट नहीं हुए तो केंद्र सरकार की आई.आई.टी. बनाने की यह योजना हरियाणा के उस शहर को मिल जाएगी जहां पर राजनैतिक व सामाजिक दबाव अधिक पड़ेगा। बियानी ने उपायुक्त सिरसा से अनुरोध किया कि वे जिला के सभी गांवों की पंचायती भूमि का आंकड़ा चैक करके आई.आई.टी. के लिए उपयुक्त स्थानों की सूची शीघ्र ही प्रदेश व केंद्र सरकार को भेजें। वहीं सिरसा में प्रस्तावित आईआईटी के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एक साथ मिलकर सिरसा में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रस्ताव पारित कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रस्ताव भेजा है। निफा हरियाणा महासचिव दलबीर सिंह के नेतृत्व में, स्कूल केडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह), मातृभूमि वेलफेयर सोसाइटी, गार्गी फाउंडेशन सहित विभिन्न समाजसेवियों ने आईआईटी को सिरसा में स्थापित करने का समर्थन किया है। नेशनल यूथ अवार्ड्स से सम्मानित डॉ. बलदेव राज कंबोज, अनिल कुमार ढिढारिया, निफा जिला प्रधान राजेश स्वामी, समाजसेवी रंजीत सिंह टक्कर, शुभम भाट, तन्वी खुशबू मानव सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने एक मत होकर प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि सिरसा जिला में आईआईटी की स्थापना होने से एक नई क्रांति का आगाज होगा शैक्षणिक रूप से अति पिछड़ा जिला होने के साथ-साथ यह तीन राज्यों की सीमा को भी लगता है। राजस्थान, पंजाब राज्यों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने सरकार द्वारा प्रस्तावित भारतीय प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना सिरसा में स्थापित करने का निवेदन करते हुए कहा कि सिरसा में आज तक कोई बड़ा प्रोजेक्ट केंद्र सरकार द्वारा नहीं दिया गया है। अगर वास्तव में ही केंद्र इस क्षेत्र का विकास करना चाहता है तो आईआईटी की सौगात देकर यहां की युवाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरूआत होगी। स्कूल केडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा सलाह के राज्य चैयरमेन गुरदीप सैनी ने भारत सरकार का धन्यवाद किया कि उन्होंने आईआईटी के लिए हरियाणा को चुना है। उन्होंने कहा कि आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है। हमारे क्षेत्र के युवाओं को बेहतरीन सुविधा मिले इसके लिए आईआईटी की सौगात सिरसा को देकर केंद्र सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास की गति को आगे बढ़ाए। गांव मिठीसुरेरां में 300 एकड़ भूमि शिक्षण संस्थान के लिए अधिग्रहण के लिए हरियाणा तकनीकी विभाग की औपचारिकताएं अनुसार जमाबंदी के साथ-साथ ग्राम पंचायत के प्रस्ताव भी लेने आरंभ कर दिए हैं। भौगोलिक स्थिति के अनुसार सिरसा सबसे शांत जिला भी है और यहां पर सभी जाति धर्म के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। आईआईटी के लिए सिरसा सबसे उपयुक्त जिला है।

## हिसार की मुस्कान ने NEET UG 2025 में मारी बाजी, हासिल की AIR 100, आकाश संस्थान के 16 और छात्र भी टॉप रैंक में शामिल



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 16 जून।** देश की सबसे कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षा ठएएळ वग्न्न् 2025 में हिसार की बेटी मुस्कान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक (AIR) 100 प्राप्त की है। उनके साथ ही आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (अएरछ) के हिसार केंद्र से कुल 17 छात्रों ने टॉप रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे छात्रों की मेहनत, शैक्षणिक अनुशासन और अएरछ द्वारा प्रदान की गई विश्वस्तरीय कोचिंग और मार्गदर्शन का बड़ा योगदान है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) ने कल शाम परीक्षा परिणाम घोषित किए।

**टॉप रैंक प्राप्त करने वाले छात्रों में शामिल हैं:**

- मुस्कान - AIR 100
- दीपेश मलिक - AIR 313
- गरिमा गौरी - AIR 491
- मीनाक्षी - AIR 1217
- अंशिका - AIR 1639
- रीना शर्मा - AIR 2187
- मननत - AIR 2362
- अनमोल चोपड़ा - AIR 7960

तथा अन्य कई छात्र जिन्होंने बेहतरीन रैंक प्राप्त की।

ये सभी छात्र अएरछ के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े थे, जो ठएएळ जैसी कठिन परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक नींव, अवधारणात्मक स्पष्टता और अनुशासित पढ़ाई की रणनीति को दिया। छात्रों ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, ह्लहम आकाश के बेहद आभारी हैं, जिन्होंने शुरूआत से लेकर अंत तक हमारा मार्गदर्शन किया। यहां की संरचित स्टडी मैटेरियल, अनुभवी शिक्षकों की क्लासेस और पर्सनल मेंटरिंग ने हमें कठिन विषयों को आत्मसात करने में मदद की। बिना अएरछ के यह सफलता संभव नहीं थी।

AESL के रीजनल डायरेक्टर डॉ. सुरेंद्र कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हमारे छात्रों ने ठएएळ वग्न्न् 2025 में जो प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत गर्व की बात है। पूरे देश से लाखों छात्र इस परीक्षा में बैठते हैं, ऐसे में टॉप रैंक लाना बहुत ही सराहनीय उपलब्धि है। यह सफलता न केवल छात्रों की मेहनत को दशार्ती है, बल्कि उनके माता-पिता के समर्थन और हमारी अकादमिक टीम की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। हम सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल मेडिकल करियर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।ह्व

# नीट यूजी परीक्षा में रतिया के शुभम गर्ग ने मारी बाजी

### 8660 रैंक लेकर किया माता पिता व शहर का नाम रोशन

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 16 जून।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा शनिवार को घोषित नीट यूजी 2025 के परिणाम में रतिया के शुभम गर्ग ने 8660 रैंक ले कर पूरे देश में अपने माता पिता व शहर का नाम रोशन किया। जैसे ही यह खबर शहर में आई तो उनके पिता सोमनाथ गर्ग के प्रतिष्ठान पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लग गया और पूरे अग्रवाल समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। अग्रवाल सभा ने भी शुभम गर्ग की इस उपलब्धि पर परिजनों को बधाई दी। शुभम के पिता सती माता मंदिर के प्रधान प्रमुख समाजसेवी सोमनाथ गर्ग ने जानकारी देते हुए



कहा कि उसने इस परीक्षा की तैयारी आकाश इंस्टीट्यूट हिसार से की। यह परीक्षा परिणाम शुभम की अथक मेहनत का ही परिणाम है उसने दिन-रात इस परीक्षा के लिए तैयारी की और माता रानी की कृपा से व उनके आशिर्वाद से शुभम ने उच्चस्तर की रैंकिंग प्राप्त की ।उन्होंने कहा कि शुभम की इस उपलब्धि पर उन्हें गर्व है। पत्रकारों से बात करते हुए शुभम गर्ग कहा कि में दो साल से नीट की तैयारी कर रहा था। यह परीक्षा परिणाम अध्यापको की अथक मेहनत व माता रानी की असीम कृपा व उनके माता पिता के आशीर्वाद से ही संभव हो सका है।

## व्यक्ति 52 लीटर लाहन सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 16 जून।** एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को 52 लीटर लाहन शराब सहित काबू किया है।

एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही प्रदीप के नेतृत्व में एक टीम गश्त के दौरान बस अड्डा गांव मलिकपुरा मौजूद थे। एएसआई को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांव मलिकपुरा में अपने मकान में नाजायज शराब निकालने के लिए लाहन तैयार कर रहा है। सूचना के अनुसार बताए स्थान पर पहुंचकर रेड की तो एक व्यक्ति अपने मकान के तूड़ी वाले कमरे में पड़े ड्रम में हाथ घुमाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उक्त शक्स को प्लास्टिक ड्रम के पास ही काबू करके ड्रम प्लास्टिक को चेक किया तो ड्रम प्लास्टिक में करीब 52 लीटर लाहन शराब बरामद हुआ।

## एचडीएफसी इर्गो ने खरीफ सीजन के लिए हरियाणा में किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

**हिसार, 16 जून।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को हरियाणा सरकार ने खरीफ, 2025 सीजन के लिए हिसार, सोनीपत, गुरुग्राम, करनाल, अंबाला, जींद और महेंदरगढ़ जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है।

खरीफ 2025 सीजन में हिसार जिले में कपास, धान, बाजरा, मक्का और हरा चना अधिसूचित फसलें हैं, जिनकी बीमित राशि क्रमशः 1,08,701, 1,06,249, 51,218, 54,487 और 47,675 है, और किसान अंश 5,435.05, 2,124.98, ?1,024.36, ?1,089.74 व 953.50 है।

सोनीपत जिले में कपास, धान, बाजरा और मक्का अधिसूचित हैं, जिनकी बीमित राशि और किसान अंश उपरोक्त के समान है। गुरुग्राम, करनाल, अंबाला और जींद जिलों में भी कपास, धान, बाजरा और मक्का को अधिसूचित किया गया है, और इनकी बीमित राशि तथा किसान अंश क्रमशः वही हैं जो अन्य जिलों में हैं। महेन्द्रगढ़ जिले में भी इन चारों फसलों के अलावा हरा चना भी अधिसूचित किया गया है, जिसकी बीमित राशि ?47,675 और किसान अंश ?953.50 निर्धारित किया गया है। सभी जिलों और फसलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है।

पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा।

## केयू ने पीजी प्रोग्राम्स एवं यूजी इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल किया जारी

हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 16 जून।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पीजी प्रोग्राम्स के लिए आनलाइन दाखिले की अंतिम तिथि 17 जून निर्धारित की गई है। कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महा सिंह पूनिया ने बताया कि कुवि के शिक्षण विभागों/ संस्थानों में विश्वविद्यालय की वेबसाइट से विभिन्न विभागों के पीजी प्रोग्राम्स में 24 मई से दाखिला प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन के लिए अलग से लिंक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इन सभी में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिले किए जाएंगे। प्रो. महा सिंह पूनिया ने बताया कि एमए अर्थशास्त्र, एमए बिजनेस इकोनॉमिक्स, एमसीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस सॉफ्टवेयर तथा एमबीए के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 23 जून को आयोजित किया जाएगा। एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी भूगोल, एमएससी केमिस्ट्री की प्रवेश परीक्षा 24 जून को, एमएससी फोरेंसिक साइंस, एमएससी गणित, एमएससी जूलॉजी, एमएससी फिजिक्स की प्रवेश परीक्षा 25 जून को, एमए इतिहास तथा एमए पॉलिटिकल साइंस की प्रवेश परीक्षा 26 जून को आयोजित की जाएगी। एलएलएम के लिए 26 जून को कॉमन एंट्रेस टेस्ट आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि एमएसडब्ल्यू, एमए मनोविज्ञान, एमए लोक प्रशासन के लिए प्रवेश परीक्षा 27 जून को, एमए अंग्रेजी, एलएलबी प्रोफेशनल, एमएससी सांख्यिकी के लिए प्रवेश परीक्षा 28 जून को, एम फामेर्सी, बीएफए, बीपीएड, एमए सोशोलॉजी, बीए एलएलबी आनर्स पांच वर्षीय इंटिग्रेटिड कोर्स, एमएससी ग्राफिक्स, एनिमेशन एंड मल्टीमीडिया के लिए प्रवेश परीक्षा 29 जून को आयोजित होगी। एमबीए पांच वर्षीय तथा बीबीए आनर्स का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 29 जून को आयोजित होगा। एमपीएड, एमएससी एनवायरमेंटल साइंस तथा एमए योगा के लिए 30 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 16 जून।** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए एससी आप्रेशन सर्कल के चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक आज होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई ओपी सर्कल यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 17 जून को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 वर्ष से पहले के केस बिजली चोरी संबंधी मुकदमे कोर्ट में लंबित है, सुनवाई दरबार में नहीं होगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि फोरम के समक्ष निर्धारित समय तक सेक्टर 8 विद्युत सदन में पहुंचकर बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र निवारण करवाएं।

## समाधान शिविर में शिकायतों का मौके पर ही किया जा रहा समाधान

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

**करनाल, 16 जून।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए।

जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा 3 शिकायतें अभी लंबित है। इसी प्रकार से नीलोखेड़ी उपमंडल में 1 शिकायत प्राप्त हुई, जो अभी लंबित है, घरौंडा उपमंडल से 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इसी प्रकार इंद्री उपमंडल में 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 1 शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा 1 शिकायत अभी लंबित है। वही असंध उपमंडल में कोई शिकायत प्राप्त हुई।

## स्वच्छता पखवाड़े को लेकर स्वच्छ भारत मिशन के मीडिया समन्वयक ने किया असंध का दौरा

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

**असंध, 16 जून।** स्वच्छता पखवाड़े को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन स्टेट लेवल टास्क फोर्स के मीडिया समन्वयक पवन कुमार ने आज असंध का दौरा किया। यहां उन्होंने असंध के मुख्य डंपिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। उसके बाद तहसील कार्यालय में एसडीएम राहुल के साथ स्वच्छता पखवाड़े को लेकर चर्चा की। बातचीत में शहर के डंपिंग ग्राउंड को स्थानांतरित करने को लेकर विस्तार से बात हुई जिस पर उपमंडल अधिकारी ने कहा कि जल्द ही इस मुद्दे का समाधान किया जाएगा। आबादी के बीच में होने के कारण काफी समय से इस डंपिंग ग्राउंड को स्थानांतरित करने की मांग की जा रही है। एसडीएम राहुल ने कहा कि वह इस बारे में गंभीर है और इसके लिए साइट देखी जा रही है। आगामी कुछ दिनों में जगह फाइनल कर ली जाएगी। उन्होंने कहा की शहर के पुराने कचरे को भी शिफ्ट किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन एक जन जागरूकता का अभियान है जिसमें हर व्यक्ति को अपना सहयोग देना होगा तभी हमारा देश व समाज स्वच्छ हो पाएगा।

# वनवासी कल्याण आश्रम के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

### वनवासी कल्याण आश्रम के छात्रों ने जनजातीय नृत्य प्रस्तुत करके पूर्वोत्तर राज्यों की संस्कृति से करवाया परिचय



हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

**हिसार, 16 जून।** वनवासी कल्याण आश्रम की हिसार इकाई द्वारा वनवासी छात्रों का स्वागत व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित किए गए कार्यक्रम में दर्शकों को हरियाणवी, पंजाबी व जनजातीय संस्कृति में सामंजस्य देखने को मिला। वनवासी छात्रों की बेजोड़ प्रस्तुतियां देखकर दर्शक दंग रह गए। दर्शकों ने हर प्रस्तुति के उपरांत तालियां बजाकर छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया।

भिवानी में वनवासी कल्याण आश्रम के छात्रावास में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, असम, मेघालय व जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थी शिक्षार्जन करते हुए देशभक्ति के संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। इन सभी छात्रों को हरियाणा भ्रमण करवाया जा रहा है। हिसार पहुंचने पर इन छात्रों का मिलेनियम पैलेस में स्वागत-सत्कार हुआ और यहां तरणताल की सुविधा के साथ ही इनके नाश्ते की समुचित व्यवस्था रही। सायंकाल इन विद्यार्थियों में गुजवि के सभागार में अपनी प्रतिभा व कुशलता से रंग जमा दिया। वनवासी कल्याण आश्रम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुजवि के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई मुख्यातिथि रहे और समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख विजय कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में वनवासी कल्याण आश्रम के विविध आयामों से परिचय करवाया। क्षेत्रीय नगरीय कार्य प्रमुख जयभगवान ने वनवासी यात्राओं से संबंधित संस्मरण साझा किए। इस दौरान वनवासी कल्याण आश्रम के प्रदेशाध्यक्ष रामबाबू सिंगल व प्रदेश सचिव रामनिवास अग्रवाल सीए का सान्निध्य रहा। डॉ. अमित मेहता, डॉ. ललित मोहन बंसल, संदीप बूरा, वेदप्रकाश गोयल, नरेश कुमार पूनिया, सुनीता रहेजा, एडवोकेट राजेश जैन व पुनीत मैनी विशिष्ट अतिथि रहे। वनवासी कल्याण आश्रम के जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और वनवासी के जिला सूचना व जनसंपर्क प्रभारी राजेश चुघ ने मंच का प्रभावशाली संचालन किया।

इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संरक्षक जगदीश बंसल, जिला उपाध्यक्ष मनीष बिंदल, जिला उपाध्यक्ष समीर सरदाना, जिला सचिव अजय सैनी, जिला कोषाध्यक्ष पर्व गुप्ता, सदस्य गौरव सिंगला, ईश्वर सैनी व पवन राड़ा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे। वनवासी छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गणेश वंदना करते हुए नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। नागा जनजातीय नृत्य व त्रिपुरी जनजाति के नृत्य को देखकर दर्शक अचंभित रह गए। इन छात्रों ने योगा नृत्य व हरियाणवी नृत्य के साथ ही भंगड़े की प्रस्तुति देकर अपनी कुशलता का परिचय दिया। इसके साथ ही वनवासी छात्रों ने देशभक्ति के गीतों पर कोरियोग्राफी प्रस्तुत करके देशभक्ति की भावना का संचार कर दिया। खास बात यह रही कि पूर्वोत्तर राज्यों के वनवासी छात्रों ने विभिन्न संस्कृतियों के बीच सामंजस्य स्थापित करके मंच पर अनेकता में एकता से साक्षात्कार करवाया।

**वनवासी बंधुओं को समाज की मुख्यधारा से जोडने का लक्ष्य**

वनवासी कल्याण आश्रम का लक्ष्य देशभर के वनवासी क्षेत्रों में रहने वाले बंधुओं को समाज की मुख्यधारा से जोडना है। इसी लक्ष्य के तहत हरियाणा में वनवासी विद्यार्थियों के लिए दो छात्रावास निशुल्क संचालित किए जाते हैं। एक छात्रावास भिवानी में एवं दूसरा फरीदाबाद में स्थित है। इन छात्रावासों में विद्यार्थी शिक्षा व संस्कार ग्रहण करके वापस अपने-अपने प्रदेशों में चले जाते हैं। वहां वे विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं देते हुए समाज में उपस्थिति दर्ज करवाते हैं। ऐसे विद्यार्थियों का छात्रपालक बनकर हरियाणा के समाजसेवी मिसाल कायम कर रहे हैं। छात्रपालक बनकर, मंदिर निर्माण में सहयोग करके एवं वनवासी बंधुओं के लिए रोजमर्रा की सामग्री उपलब्ध करवाकर कोई भी इंसान इस अभियान में अपना योगदान दे सकता है।

**चलाए जा रहे 22 हजार से अधिक सेवा प्रकल्प**

देशभर में 12 करोड़ वनवासी हैं और उनकी उन्नति के लिए शिक्षा, चिकित्सा व ग्राम विकास जैसे 22 हजार से अधिक सेवा प्रकल्प वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा देशभर में चलाए जा रहे हैं। इन प्रकल्पों से दो करोड़ वनवासी बंधु लाभान्वित हो रहे हैं। हरियाणा के समाजसेवियों के सहयोग से हर वर्ष वस्त्र, राशन व अन्य सामग्री के कई ट्रक वनवासी बंधुओं की सहायतार्थ भेजे जाते हैं। इसके साथ ही सैकड़ों कंबल भी हर वर्ष वनवासी बंधुओं को उपलब्ध करवाए जाते हैं। विशेष बात यह है कि इस सेवा कार्य में हिसार सहित प्रदेशभर के विभिन्न क्षेत्रों से समाजसेवियों का दिल खोलकर सहयोग रहता है।

**वनवासी बच्चों ने हिसार के परिवारों में किया रात्रि प्रवास**

पूर्वोत्तर राज्यों व जम्मू-कश्मीर से हिसार आए वनवासी छात्रों ने गुजवि के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में बेहतरीन प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम के समापन पर दो-दो छात्रों ने हिसार के विभिन्न परिवारों में प्रवास किया। ये वनवासी छात्र इन परिवारों में सदस्यों की भांति रहे और सुबह इन परिवारों के बच्चों के साथ प्रातःकालीन सैर की और नाश्ता किया। इतना ही नहीं वनवासी छात्रों व स्थानीय परिवारों के बच्चों ने एक-दूसरे की संस्कृति को समझा और अपने-अपने अनुभव साझा किए। रात्रि प्रवास के दौरान जिस अपनेपन व समरसता का संचार हुआ वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

# हकृवि के छात्रों के समर्थन में आई खापें, धरना को दिया समर्थन



हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

**हिसार, 16 जून।** छात्रवृत्ति में कटौती के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना दे रहे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में क्षेत्र की कई खापें सोमवार को धरना स्थल पर पहुंची और छात्रों की सभी मांगों को उचित बताते हुए अपना समर्थन दिया। खापों ने छात्रों पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए इसके लिए विश्वविद्यालय के अहंकारी वीसी को जिम्मेदार ठहराया। खाप नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहली घटना है, जब सुरक्षा गार्डों ने छात्रों पर लाठियां बरसाने का काम किया है। खापों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि वीसी सहित चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर, रजिस्ट्रार, एक सहायक प्रोफेसर व गार्डों पर हत्या प्रयास की धाराएं लगाकर तुरंत गिरफ्तार किया जाए। खापों ने छात्रों को पूर्ण समर्थन देते हुए ऐलान किया कि आवश्यकता हुई तो प्रदेश की सभी खापों को बुलाकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

खापों के प्रवक्ता राजमल काजल व रामनिवास खेदड़ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों के धरने में राष्ट्रीय काजला खाप के राष्ट्रीय संरक्षक धर्मबीर काजला, राष्ट्रीय सलाहकार राजमल काजल व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मांगेराम काजला, श्योराण खाप के उपप्रधान बलबीर सिंह श्योराण, खेदड़ पंचग्रामी खाप के रामनिवास खेदड़ प्रधान, सिंहमार खाप के संरक्षक धर्मवीर सिंहमार, कालीरामण खाप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूबे सिंह आर्य, सातबास खाप के प्रधान बलवान मलिक, भ्याण खाप के प्रधान होशियार सिंह सरपंच, सुंडा खाप के राष्ट्रीय संयोजक बलवान सुंडा, झोरड़ खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद झोरड़, मल्हान खाप के प्रधान राजा मल्हान व जाट आरक्षण संघर्ष समिति की महिला विंग प्रधान निर्मला दहिया ने अपना समर्थन देने के लिए पहुंची।

# एचएयू में पेपर देने से स्टूडेंट्स का बहिष्कार

### 1700 में 13 विद्यार्थी ही सेंटरों पर पहुंचे, इनमें 9 विदेशी



हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 16 जून। चौ. चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप नीति में बदलाव और छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में स्टूडेंट्स का धरना लगातार जारी है। सोमवार को यूनिवर्सिटी में पेपर शुरू हुए, मगर पहले ही दिन स्टूडेंट्स ने एग्जाम का विरोध किया। यूनिवर्सिटी के करीब 1700 विद्यार्थियों का पेपर था। इनमें से 13 विद्यार्थी ही पेपर देने पहुंचे। इनमें से 9 छात्र विदेशी है और बाकी में प्रोफेसरों के बच्चे हैं।

छात्रों ने आरोप लगाया कि हमने पेपर देने से पहले ही साफ मना कर दिया था। जब तक उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, तब तक वह परीक्षा का बहिष्कार करेंगे। यहीं नहीं छात्रों पर प्रोफेसरों ने दबाव बनाया कि अगर पेपर नहीं दोगे तो आप पर केस बना दिया जाएगा। धारा 163 लागू के चलते धरना न दें। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रोफेसर कुछ छात्र-छात्राओं को हॉस्टल में जाकर जबरदस्ती पेपर दिलाने ले गए। उनमें से कुछ छात्र बिना पेपर दिए बाहर आ गए तो कुछ ने डर के कारण मजबूरी में पेपर दिया है। इधर सोमवार को एचएयू में धरना दे रहे छात्रों को समर्थन देने के लिए पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला और पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के सदस्य धरने पर पहुंचे। इस दौरान छात्रों व किसानों ने मिलकर वीसी के पुतले का दहन किया। वहीं यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता से बात की तो उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है, पेपर चल रहे हैं। दोपहर बाद रिपोर्ट जारी करेंगे कि कितने छात्रों ने पेपर दिए हैं।

इन कॉलेजों के छात्रों का था पेपर
कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस
कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस
कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर
कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल
कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग
कॉलेज ऑफ बायो टेक्नोलॉजी
कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार
कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, कौल, कुरुक्षेत्र

**छात्र बोले-पेपर में अपीयर होने के लिए बना रहे दबाव**

जिला प्रशासन ने धारा 163 लगाकर छात्रों को पेपर में अपीयर होने के लिए दबाव डाला गया। उसके बावजूद स्टूडेंट्स की एकता बनी रही और 1700 स्टूडेंट्स में से सिर्फ 13 बच्चे पेपर देने पहुंचे। इसमें से 9 विदेशी, तीन दूसरे राज्यों के हैं और एक स्टाफ सदस्य का बेटा है ।

**हॉस्टल में जाकर छात्रों को धमकाया**

मिली जानकारी के अनुसार छात्रों ने आरोप लगाया कि वार्डन ने मेल पुलिसकर्मियों के साथ जाकर गर्ल्स हास्टल में जाकर दरवाजा खटखटाया और छात्राओं पर पेपर देने के लिए दबाव बनाया। उस दौरान प्रोफेसरों व छात्रों के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई।

**कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल का वीडियो जारी**

बीते कल सोमवार को एचएयू के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल का वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल है, जिसमें छात्र व प्रोफेसर काफी बहस कर रहे हैं। साथ ही पुलिसकर्मियों से भी स्टूडेंट कह रहे हैं कि उनको जबरदस्ती पेपर दिलाने के लिए लाया गया है। वहीं, प्रोफेसर भी कह रहे हैं कि कोई बात नहीं, जो आया है, उसे पेपर नहीं देना है तो बाहर आ जाएगा।

**कैसे हुई विवाद की शुरूआत**

मंगलवार को स्टूडेंट्स अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने के लिए कुलपती कार्यालय गए थे। स्टूडेंट्स कुलपती को अपना ज्ञापन सौंपने चाहते थे। इसके लिए वह वीसी कार्यालय में जाने लगे तो सिक्योरिटी गार्ड ने उनको गेट पर बाहर ही रोक लिया। इस दौरान मामला बिगड़ा गया और सिक्योरिटी गार्ड ने छात्रों से बदतमीजी की। यहीं नहीं छात्रों से मारपीट भी की। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें गार्ड छात्रों का कॉलर पकडकर थप्पड़ मारते दिख रहे हैं।

जब उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को गार्ड द्वारा मारपीट के बारे में बताया तो कार्रवाई नहीं हुई। इस पर रात को वे इसके विरोध में कुलपती आवास के बाहर पहुंचे तो सिक्योरिटी गाड्र्स ने उन्हें दोबारा खदेड़ दिया और लाठीचार्ज कर दिया।

**रजिस्ट्रार सहित इन पर केस दर्ज**

स्टूडेंट्स की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने यूनिवर्सिटी के सिक्योरिटी इंचार्ज सुखबीर सिंह, प्रोफेसर राधेश्याम, रजिस्ट्रार पवन कुमार, सुमन, नरेंद्र, जगमेश पूनिया, अनूप और बिजेंद्र के खिलाफ धारा 110, 190, 191(2), 191(3) और 351(3) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## गुरफतेह सिंह गिल ने आदेश ग्रुप में डायरेक्टर का संभाला पदभार



हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 16 जून।** आदेश ग्रुप ने एक और ऐतिहासिक क्षण में प्रवेश किया, जब गुरफतेह सिंह गिल ने आदेश ग्रुप के डायरेक्टर के रूप में पदभार संभाल लिया। यह अवसर आदेश ग्रुप के लिए एक नई ऊर्जा और दिशा लेकर आया है। पदभार ग्रहण समारोह आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल, सचिव कमलदीप कौर गिल, आदेश यूनिवर्सिटी भटिंडा के डायरेक्टर डा. गुरप्रीत सिंह गिल, आदेश अस्पताल मोहड़ी के डायरेक्टर डा. गुणतास सिंह गिल, डा. अरमान खोसा गिल, पी.पी.एस.सी. के सदस्य बब्बू तीर, डा. गुरमोहन संधू और सहज सिद्धू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर चेयरमैन डा. एच.एस. गिल ने गुरफतेह सिंह गिल को बधाई देते हुए कहा कि उनमें नेतृत्व की जो क्षमता व नई सोच और संस्थान के प्रति प्रतिबद्धता है, वह आदेश ग्रुप को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। सभी को उन पर गर्व है और हम उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए ढेरों शुभकामनाएं देते हैं। पदभार संभालने के बाद गुरफतेह सिंह गिल ने कहा कि वे आदेश ग्रुप की इस परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध रहेंगे। उनकी प्राथमिकता संस्थान की गुणवत्ता, विस्तार और नवाचार को बढ़ाना रहेगा। हम सभी मिलकर आदेश ग्रुप को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में कार्य करेंगे। इस मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने गुरफतेह सिंह गिल को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।ः

## जरूरतमंदों का सहारा बनेगा सतयुग दर्शन ट्रस्ट, जुलाई माह में खाना, कपड़ो का दान और आर्थिक सहयोग की चलाएगा मुहिम

हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 16 जून।** सतयुग दर्शन ट्रस्ट रजिस्टर्ड फरीदाबाद जुलाई माह में जरुरतमंदों को खाना, कपड़ों का दान और आर्थिक सहयोग की मुहिम चलाएगा। फरीदाबाद में भूपानी स्थित प्रसिद्ध सतयुग दर्शन ट्रस्ट जोकि महाबीर सत्संग सभा का विस्तारित रूपांतरण है। इसके माध्यम से अध्यात्मिक ज्ञान और मानवीय मूल्यों के प्रसार के साथ-साथ दान को लेकर भी चर्चा में रहती है। संस्था ने इस बार तय किया है कि आगामी जुलाई पूरा माह विश्व में जहां-जहां भी संस्था द्वारा महाबीर सत्संग सभाएं चल रही हैं, वहां आसपास रहने वाले सभी जरूरतमंद बेसहारा लोगों को भोजन और कपड़ों आदि का वितरण किया जाएगा। इतना ही नहीं, संस्था ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की आवश्यकता अनुसार मदद करने का भी आह्वान दिया है। इसके लिए संस्था ने अपने सदस्यों समेत, वैश्विक स्तर पर आमजन से भी जरूरतमंदों तक उनका हक निष्कामता पूर्वक पहुंचाने की अपील की है। सदस्य जितेंद्र ने सेवा अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि इस अभियान के पीछे संस्था का उद्देश्य संकटग्रस्तों को खुशी प्रदान करना है।

## संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 16 जून।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा श्याम कॉलोनी में गुलशन माटा के निवास स्थान पर संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस संकीर्तन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वृंदावन दे अजब नजारे पावांगे, कोई जावे ना जावे अप्पा जावांगे... के भजन पर श्रद्धालु जमकर थिरक उठे, जिससे सारा वातावरण भक्ति में हो गया। आयोजक परिवार के सदस्यों को श्री कृष्ण कृपा परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजक परिवार के सदस्य जीवन दास माटा, गुलशन माटा, आशिमा माटा, तरुण धमीजा, नवीन भारद्वाज, श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स, लखबीर सिंह लक्खा, फतेहचंद गांधी, दीपक सलूजा, अरूप दास, हंसराज सिंगला, पवन शर्मा, राम कुमार शर्मा, नवीन भारद्वाज, सुरेन्द्र शर्मा रमाकांत शर्मा, गोपाल माटा, आशुतोष भारद्वाज, रमन जैन, पारूल अरोडा, राम प्रकाश तायल, डॉ श्याम लाल आहूजा, जगदीश अरोडा, अनिता शर्मा, सविता वत्स, डॉ जान्हवी माटा, विजय बवेजा, जय भगवान शर्मा, मनीष खुराना, कर्म चन्द चुघ सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, 1205 प्रतिभागियों ने लिया भाग: डॉ. सतपाल

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

**करनाल, 16 जून।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ0 सतपाल ने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा के निदेर्शानुसार तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जिला स्तर पर बनाई गई नोडल अधिकारी मोनिका के दिशा निर्देशन में जिला करनाल में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने व हरित योग अभियान तथा योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के तहत विभागीय निदेर्शानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि आयुष विभाग करनाल द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में करीब 1205 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग करनाल द्वारा कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में योग कॉन्फ्रेंस व वर्कशॉप एवं जिला कारागार करनाल में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का कार्यक्रम डायरेक्टर डॉक्टर महेंद्र कुमार गर्ग की देखरेख में आज योग सम्मेलन एवं वर्कशॉप का आयोजन ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। योग कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर डॉ महेंद्र गर्ग ने योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वल प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। इस दौरान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल ,प्रोफेसर डॉ शरत गुप्ता , डिप्टी डीन डॉ गौरव कंबोज , एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अर्चना भारती , हेल्थ इंस्पेक्टर श्री मनोज , डॉ मनोज मित्तल, अतुल जैन डॉ नितिन रोहिल्ला ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ अमित ने नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के बारे में बताया एवं हमारा सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम और पैरा सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम किस प्रकार कार्य करता है हमारा मस्तिष्क चेतन, अर्धचेतन तथा अचेतन मन के तल पर कार्य करता है और ध्यान के माध्यम से हम किस प्रकार अपने मस्तिष्क में नकारात्मक विचार व तनाव को दूर करके शांति और आनंद पा सकते हैं अंत में डॉ अमित ने बताया कि जिन खोजा तिन पाइया के माध्यम से बताया कि परमात्मा कहीं बाहर नहीं मिलता परमात्मा आपके भीतर निवास करता है और हमें ध्यान द्वारा उसको प्राप्त करना है यही योग का उद्देश्य है और मानव जीवन का लक्ष्य है।

इसी प्रकार द्वितीय कार्यक्रम जिला कारागार करनाल में जेल अधीक्षक जिला कारागार करनाल लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता में तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरेख में जिला कारागार करनाल में 31 मई से 21 जून तक आयुष विभाग करनाल द्वारा विशेष योग शिविर लगाया जा रहा है।

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड : नेहा सिंह

## योगा डे के लिए तीन तरह से करवा सकते हैं पंजीकरण, ब्रह्मसरोवर व मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटा, सुबह 5 बजे से शुरू होगा राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 16 जून।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग महाकुंभ जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि आज हमारे योग और पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानने की दुनिया भर में जिज्ञासा बढ़ रही है। साथ ही हरित योग के तहत जिला प्रशासन व वन विभाग द्वारा 10 लाख औषधीय पौधों का 21 जून तक वितरण व रोपण किया जाएगा।
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जा रहा है, इसको प्रदेश में आगे बढ़ाते हुए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र के 1000 उच्च रक्तचाप व मधुमेह के रोगियों को 12 दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण तदर्थ योग के प्रभाव का आकलन योग समावेश के तहत किया जा रहा है। नशा पीड़ितों के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर कार्यालय के समय अधिकारियों व सभी कर्मचारियों के लिए 5 मिनट का योगा ब्रेक निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों के लिए सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में योग प्रशिक्षण के शिविर चल रहे हैं।

**योगा डे के लिए तीन तरह से करवा सकते हैं पंजीकरण**
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 21 जून को योग दिवस के लिए आनलाइन पंजीकरण करवाया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति तीन तरह से पंजीकरण करवा सकता है। इनमें मोबाइल नंबर 9501131800 पर मिस कॉल करें, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट इंटरनेशनल योग डे डॉट



एचआरवाई डॉट इन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करके और विभाग द्वारा तैयार किए गए बार कोड को स्कैन करके पंजीकरण करवा सकते हैं। रविवार तक 9 लाख 90 हजार ने आनलाइन पंजीकरण करवाया है।

**ब्रह्मसरोवर व मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटा**
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक हजार नागरिकों को योग के लिए बिठाया जाएगा। मेला ग्राउंड में जिलाभर के स्कूलों की छठी कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी बिठाए जाएंगे। शिक्षण संस्थाओं, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों से करीब 37 हजार विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं ने करीब 40 हजार योग साधकों को लेकर आने की तैयारी क है। वहीं पतंजलि योग पीठ की तरफ से हर गांव में योग शिविर लगाकर प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों के लिए टी-शर्ट, पानी की व्यवस्था, रिफ्रेशमेंट, सर्टिफिकेट की व्यवस्था की जाएगी। बच्चों के अलावा स्कूली स्टाफ को भी प्रशंसा पत्र जारी किया जाएगा, जो विश्व रिकॉर्ड की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। वहीं 20 हजार को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मैट वितरित किए जाएंगे।

**सुबह 5 बजे से शुरू होगा राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम**
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग करने वाले सभी 5 बजे से पहले अपनी सीट पर बैठ जाएंगे। करीब 5 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और योग गुरु स्वामी रामदेव मंच पर पहुंच जाएंगे। इसके बाद संबंधित, योग, प्राणायाम किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे देश को संदेश होगा। करीब 7:30 बजे कार्यक्रम का समाधान होगा।

## न्यूज फ्लैश

### स्कूल से सिलेण्डर, बैटरी सहित अन्य सामान चोरी, मामला दर्ज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 16 जून।** गांव शांति नगर में स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल से चोर सिलेंडर, बैटरी सहित अन्य सामान चुरा कर फरार हो गए। झांसा थाना पुलिस ने स्कूल के प्रधानाचार्य की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भीम सिंह वासी शान्तिनगर कुरडी ने झांसा थाना में दी शिकायत में बताया कि वह टैगोर पब्लिक स्कूल शान्तिनगर में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत है। ग्रीष्मावकाश के दौरान 11-12 जून को रात के समय अज्ञात चोर स्कूल से एक गैस सिलेंडर इंडेन, स्कूल वैन की बैटरी व स्कूल के आफिस का सामान चोरी कर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई कश्मीरी लाल कर रहे है। उन्होंने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ कर सामान बरामद कर लिया जाएगा।

### गांव काठगढ़ में सरपंच पद के उपचुनाव में निर्मला देवी 557 वोट हासिल कर विजयी रही

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 16 जून।** समीप के गांव काठगढ़ में सरपंच पद के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है। गांव काठगढ़ में सरपंच पद एससी वर्ग महिला के लिए आरक्षित है। बता दें कि गांव काठगढ़ की सरपंच कागजातों में कमी के चलते बर्खास्त हो गई थी। उसके बाद पिछले छह महीने से सरपंच पद रिक्त था और पंच पर सरपंच पद का कार्यभार था। 15 जून को सरपंच पद का उपचुनाव हुआ। जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि उपचुनाव में निर्मला देवी ने 557 वोट प्राप्त कर गांव की चौधर हासिल कर ली है। बता दें की सरपंच पद के उपचुनाव में तीन महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में थी। जिसमें निर्मला देवी, गीता रानी व पूजा रानी ने सरपंच पद के लिए नामांकन दाखिल किया था और चुनाव परिणाम में निर्मला देवी को 557 वोट, गीता रानी को 168 वोट तथा पूजा रानी को 93 वोट मिले। निर्मला देवी को प्रमाण पत्र देकर उपचुनावों में विजेता घोषित कर दिया गया है। उपचुनाव जीतने के बाद निर्मला देवी ने कहा कि गांव वालों ने जो विश्वास उस पर दिखाया है उसे वे हमेशा कायम रखेंगी और गांव की विकास के लिए जो जरूरी निर्णय होंगे उन्हें बिना दबाव के लेकर गांव का पूर्ण रूप से विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरपंच बनते ही उनकी प्राथमिकता गांव में रुके हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करना तथा बरसाती सीजन से पहले नाले व नालियों की सफाई की रहेगी।

### जन समस्याओं का तय समय सीमा में किया जाए समाधान : डीसी प्रीति



**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 16 जून।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार एवं डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है। यह शिविर मुख्यमंत्री की जन-सेवा, समर्पण और समाधान की सोच को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं।

डीसी प्रीति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उनका तय समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। इन शिविरों में नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से पीपीपी आईडी में इनकम में त्रुटि तथा मेंबर जोड़ने से सम्बंधित, राशन कार्ड, पुलिस विभाग, बिजली विभाग, पानी, अवैध कब्जे आदि से सम्बंधित समस्याएं रखी जाती हैं। काफी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाता है, शेष को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है। जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार नागरिकों की सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं और जनहित में यह पहल निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है।

### आमजन की बिजली और पानी से संबंधित शिकायतों का शीघ्र समाधान करें : एडीसी

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 16 जून।** एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी। उन्होंने गर्मी के मौसम के चलते अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बिजली और पेयजल से संबंधित शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। समाधान शिविर में एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल के समक्ष नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखी। लोगों ने बिजली व पेयजल के अलावा जमीन की पैमाइश से संबंधित, पीपीपी में आय कम करवाने बारे, अविवाहित पेंशन बनवाने बारे, पुलिस से कार्रवाई करवाने बारे, बीपीएल कार्ड बनवाने बारे, निराश्रित, विधवा पेंशन बनवाने बारे आदि की शिकायत रखी। एडीसी ने एक-एक कर सभी शिकायतों को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के जरूरी निर्देश दिए।

# प्रशासन ने की जिले के सभी धर्म-गुरुओं से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित करने की अपील

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 16 जून।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा योग को जन-जन तक पहुंचाने के आह्वान के चलते जिला प्रशासन ने जिले की सभी प्रमुख धार्मिक संस्थाओं से संबंधित धर्म-गुरुओं से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को अपने-अपने मंदिर व धार्मिक स्थल परिसरों में योग कार्यक्रम आयोजित करवाने की अपील की है। इसके साथ ही प्रशासन ने आह्वान किया है कि योग दिवस कार्यक्रमों में अपने-अपने अनुयायियों को योग एवं प्राणायाम को अपने जीवन में नियमित रूप से अपनाने तथा किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाएं। अब की बार योग दिवस का थीम योग मुक्त-नशा मुक्त हरियाणा है।
उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार एवं उपायुक्त महावीर कौशिक मार्गदर्शन में 21



जून को जिला मुख्यालय, उपमंडल और खंड स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री सैनी ने प्रदेशभर के सभी प्रमुख धर्म-गुरुओं से आह्वान किया गया है कि वे भी अपने-अपने मंदिर परिसरों में योगासन कार्यक्रम का आयोजन करें तथा उनके अधिक से अधिक अनुयायी योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल हों। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को योग के प्रति जागरूक करना है ताकि वे अपने जीवन में स्वच्छ रह सकें।
इसी के चलते जिला प्रशासन ने जिले की सभी प्रमुख धार्मिक संस्थाओं से संबंधित धर्म-गुरुओं से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को अपने-अपने मंदिर व धार्मिक स्थल परिसरों में योग कार्यक्रम आयोजित करवाने की अपील की है।
जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ संजय वैद ने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार डीसी महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में योग दिवस पर पूरे जिले को योगमय बनाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि बीके बहन सुमित्रा के नेतृत्व में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी आश्रम द्वारा हुडा सेंट्रल पार्क में, भारतीय योग संस्था, पतंजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग, गौमठ लेघा, विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, खेल परिसर व व्यायामशालाओं सहित विभिन्न धार्मिक संस्थानों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में योग मुक्त-नशा मुक्त हरियाणा थीम पर आधारित नागरिकों को नियमित रूप से योग को अपनाने और नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि योग दिवस पर योग के साथ-साथ शपथ कार्यक्रम आयोजित करवाने को लेकर प्रमुख धर्म-गुरुओं से भी संपर्क किया जा रहा है ताकि प्रत्येक व्यक्ति योग के महत्व को समझे।

## डीएलएसए ने दिव्यांग बच्चों के लिए चलाया जागरुकता अभियान

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 16 जून।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए उनको उनके अधिकार के विषय में जागरूकता अभियान चलाया गया है। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए द्वारा एक टीम गठित की गई है। इस गठित टीम द्वारा गांव पिंडारसी में दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के विषय में जानकारी दी गई। उन्हे डीएलएसए द्वारा दिव्यांग जनों के लिए चलाई जा रही नालसा स्कीमस की भी जानकारी दी गई। इसके अलावा डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी बताया गया।

## कुवि के 15 विद्यार्थियों की हुई कैम्पस प्लेसमेंट



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 16 जून।** विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और रोजगार केन्द्र द्वारा आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एमबीए के 15 छात्र-छात्राओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। विद्यार्थियों के चयन पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि गत दिनों जानी-मानी एचआर कम्पनी वृंदा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जिसमें एमबीए के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सबसे पहले कंपनी के अधिकारियों द्वार एक प्री-प्लेसमेंट वार्ता द्वारा विद्यार्थियों को कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इसके बाद लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में उतीर्ण विद्यार्थियों की सामूहिक परिचर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार लिए गए जिसके बाद 15 छात्र-छात्राओं का चयन कंपनी में मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में किया। चयनित छात्राओं में नंदिनी, मीनल यादव, नेहा रानी, नेहा, मुस्कान, अभिषेक शर्मा, दिशा चेतना और नितिन वशिष्ठ शामिल हैं। इन विद्यार्थियों का कम्पनी की तरफ से 4 लाख रुपये वार्षिक वेतन के रूप में मिलेगा और जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में ये कम्पनी को ज्वाइन करेंगे। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, विभागाध्यक्ष प्रो. सुशील शर्मा और केयूसीटीआईई के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. जसविन्द्र कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के चयन पर शुभकामनाएं दी।

# भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक आयोजित, जिला अध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी की 11 वर्षो के शासनकाल की उपलब्धियां

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक छवि भी हुई काफी मजबूत : विरेंद्र कौशिक

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 16 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष के शासनकाल को प्रत्येक जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत भाजपा नेता गांव-गांव जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमजन हित में किए गए कार्यो की जानकारी दे रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को ग्रामीण मंडल की बैठक गांव फूलपुरा में मंडल अध्यक्ष संदीप सरपंच की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ मीना परमार व रेखा राघव भी साथ रही। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र



कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, चाहे वह आधारभूत ढांचे का विस्तार हो, किसानों के लिए लाभकारी योजनाएं हों, महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदम हों या डिजिटल इंडिया की दिशा में हुए बड़े बदलाव।
कौशिक ने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन और हर घर जल योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि इनका लाभ सीधे तौर पर देश के करोड़ों ग्रामीणों को मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की वैश्विक छवि भी इन वर्षों में काफी मजबूत हुई है। जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं और जानकारी के अभाव में किसी भी योजना से वंचित न रहें। जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई अनेक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 17 से 19 जून को तीन दिनों तक प्रत्येक शक्ति केंद्र प्रमुखों के साथ बैठकें आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर सुनील भारद्वाज, विनोद स्वामी, मास्टर ईश्वर यादव, प्रमिला, धर्मेंद्र यादव, मतरपाल, सुरेश सोलंकी, राजपाल भाटिया, दिलबाग, विजय परमार, रमेश पचेरवाल, प्रदीप घूसकानी, सुनील डावर सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## सीईटी पोर्टल पर आवेदन की तिथी बढ़ाए सरकार :सविता मान



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 16 जून।** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व महासचिव सविता मान ने कहा कि हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ग्रुप-सी भर्तियों के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन में तकनीकी दिक्कतों और जाति प्रमाण पत्र की समस्या के कारण सैकड़ों युवा आवेदन नहीं कर पाए हैं। इसलिए उन्होंने आयोग से आवेदन की तिथि बढ़ाने और फॉर्म में सुधार का मौका दिए जाने की मांग की है।
यहां जारी बयान में सविता मान ने कहा कि 28 मई को खोले गए सीईटी पोर्टल पर नए जाति प्रमाण पत्र की मांग के कारण सरल पोर्टल पूरी तरह से ठप हो गया। पोर्टल में लगातार तकनीकी खामियों के कारण अभ्यर्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सविता मान ने आरोप लगाया कि सरकार ने तीन साल में आवेदन मांगे और ऐसी शर्तें रख दीं जिनसे युवाओं को भारी परेशानी हुई। उन्होंने बताया कि 14 जून को पोर्टल बंद होने के बाद 15 जून से सरल पोर्टल को सुचारू कर दिया गया, जबकि जरूरत के समय पोर्टल को जानबूझकर बंद रखा गया था। वर्तमान में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए फीस जमा करने की अंतिम तिथि आज रात तक है। कई अभ्यर्थियों ने जाति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण गलत श्रेणी में फॉर्म भर दिया है। इस समस्या को देखते हुए उन्होंने हरियाणा सरकार के सोशल मीडिया अकाउंट और आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह के फेसबुक अकाउंट के माध्यम से फॉर्म भरने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय और भरे गए फॉर्म में सुधार का मौका मांगा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार अनुसूचित जाति व जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग का हितैषी होने का ढोंग कर रही है वहीं दूसरी तरफ इन वर्गों के युवा सर्टिफिकेट न बन पाने के कारण आवेदन करने से वंचित रह गए हैं।

# मानवता की भलाई में हर नागरिक अपने सहयोग की आहुति डाले : कुलदीप संधू

## कहा : देश की असली ताकत हैं युवा, मिलकर बनाएं नशा-मुक्त भारत


**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 16 जून।** युवा समाजसेवी एडवोकेट कुलदीप संधू ने कहा कि देश व समाजसेवा के कार्यों में हर नागरिक को निःस्वार्थ भाव से सहयोग की आहुति डालते हुए अपना हर संभव सहयोग करना चाहिए। इसके साथ आपसी भाईचारा, सद्भाव स्थापित करते हुए सदैव मिलजुलकर रहते हुए सबके दुख सुख में बराबर के भागीदार बनना चाहिए। अपने प्रतिष्ठान पर एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए एडवोकेट कुलदीप संधू ने कहा कि मानवता की सेवा व भलाई के कार्यों



में विशेषकर युवाओं को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए, क्योंकि युवा शक्ति ही देश की असली शक्ति है और देश के कर्णधार है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली सामाजिक बुराईयों के साथ नशा रूपी दानव को समाप्त करने की दिशा में भी हमें अपना योगदान देना चाहिए, क्योंकि नशा किसी भी सूरत में इंसान, समाज व देश के लिए सही नहीं है। हमें नशे की गिरफ्त में फंसे लोगों को नशे से बाहर निकालने के साथ अपने आसपास भी लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। समाजसेवी कुलदीप संधू ने कहा कि युवाओं को देश सेवा के साथ खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। आज हरियाणा प्रदेश के युवा अपनी प्रतिभा व काबलियत के दम पर खेलों में उच्चकोटि का प्रदर्शन कर मैडल जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। एडवोकेट कुलदीप संधू ने कहा कि एकता व मजबूत संकल्प से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए सभी प्रण लें तो सबकी एकता से समाज से बुराईयों व नशे का खात्मा तय है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक देश व समाज के उत्थान व कल्याण में अपने सहयोग की आहुति डालें। समाज व मानवता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा का फल हमेशा मीठा होता है।

## शिक्षिका मोनिका शर्मा ने चलाया जल बचाओ अभियान, घर-घर जाकर बताया जल का महत्व

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 16 जून।** जिला के गांव नीमड़ी वाली में पर्यावरण और जल संकट को लेकर एक अनुकरणीय पहल देखने को मिली, जहां शिक्षिका मोनिका शर्मा ने जल बचाओ अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और पानी की एक-एक बूंद की कीमत को समझाया। जल संरक्षण अभियान के तहत शिक्षिका मोनिका शर्मा ने ना केवल जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया, बल्कि बारिश के पानी को संजोने, टपकते नलों की मरम्मत करवाने और जल उपयोग में सावधानी बरतने जैसे व्यावहारिक सुझाव भी दिए। उन्होंने बताया कि अगर आज हमने पानी बचाने की ठान ली, तो आने वाली पीढि ?ों को जल संकट से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज दिनोदिन जल संकट बढ़ता जा रहा है, जिसका एक मुख्य कारण जल का अत्याधिक दोहन है। जिसके चलते बहुत से क्षेत्र ऐसे है, जहां पर जल की भारी समस्या बनी हुई है तथा लोग बूंद-बूंद को तरसते है। ऐसे में बढ़ते जल संकट को सिर्फ जागरूकता व मजबूती से उठाए गए प्रयासों से ही खत्म किया जा सकता है।



# ब्लड प्रेशर व डायबिटीज के मरीजों के लिए वरदान है कद्दू

कद्दू एक ऐसी सब्जी के जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक हर खाने में मुंह बनाता है। मगर एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह गुणों से भरपूर होती है। इसमें कैल्शियम, आयरन, फाइबर, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट आदि गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से इम्यूनिटी स्ट्रांग होने से लेकर वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके साथ ब्लड प्रेशर व डायबिटीज के मरीजों के लिए यह वरदानस्वरूप है। चलिए जानते हैं इसे खाने के बेहतरीन गुणों के बारे में

### डायबिटीज में फायदेमंद

एक्सपर्ट्स के अनुसार, टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए कद्दू बेहद फायदेमंद मानी गई है। इसका सेवन करने से शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। ऐसे में डायबिटीज के मरीजों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

### हाई बीपी रखे कंट्रोल

कद्दू में पोटैशियम भरपूर होता है। ऐसे में यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में कारगर माना जाता है। इसलिए ब्लड प्रेशर के मरीजों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

### इम्यूनिटी करे स्ट्रांग

कद्दू में विटामिन-ए, सी, ई आदि गुण होते हैं। इसके सेवन से तेजी से इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में शरीर को बीमारियों से लड़ने की अंदर से मजबूती मिलती है। साथ ही सर्दी, जुकाम, मौसमी व अन्य बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कई गुणा कम रहता है।

### कब्ज से दिलाए राहत

गलत खानपान के चलते बहुत से लोगों को कब्ज की शिकायत रहती है। ऐसे में इस समस्या से राहत पाने के लिए कद्दू का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसके बीजों में फाइबर होने से पाचन शक्ति तेज होती है। ऐसे में कब्ज व पेट संबंधी अन्य समस्याओं से बचाव रहता है।

### आंखों के लिए फायदेमंद


इसमें बीटा कैरोटीन होता है। ऐसे में यह आंखों के लिए स्वस्थ माना जाता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी बढ़ने के साथ इससे जुड़ी समस्याएं होने से बचाव रहता है।

### हड्डियों होगी मजबूत

कद्दू में कैल्शियम उचित मात्रा में होता है। ऐसे में इसका सेवन करने हड्डियां मजबूत होती है। इसके साथ ही ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम रहता है। इसलिए बच्चे से लेकर बड़ों तक हर उम्र के लोगों को इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

### वजन घटाए

इसका सेवन करने से वजन कम करने में भी मदद मिलती है। ऐसे में मोटापे से परेशान लोगों को इसे अपनी डेली डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।



# हीमोग्लोबिन को मेंटेन करने में मदद करती हैं ये चीजें

हीमोग्लोबिन शरीर के सभी अंगों को ऑक्सीजन देता है। शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए कई सारी चीजों को डाइट में शामिल किया जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ऐसे नट्स के बारे में जो आयरन की कमी को पूरा करेंगे और आपके हीमोग्लोबिन को तुरंत बढ़ाएंगे।

शरीर को फिट रखने में भरपूर मात्रा में न्यूट्रिएंट्स खाना बेहद जरूरी है। यदि किसी भी पोषक तत्व की कमी हो जाती है, तो यह शरीर के लिए परेशानी का कारण बनने लगता है। अक्सर लोगों में हीमोग्लोबिन ऐसे में आयरन हीमोग्लोबिन बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए कई सारी चीजों को डाइट में शामिल किया जा सकता है।

### काजू

अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है तो आप काजू खा सकते हैं। ये आपकी भूख को कम करता है साथ ही शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं। एक मुट्ठी काजू में 189 मिली ग्राम आयरन होता है। ऐसे में जंक फूड खाने से अच्छा है कि आप स्नैक्स में एक मुट्ठी काजू का सेवन करें।

### पिस्ता

पिस्ता स्वाद से भरपूर है और स्नैक्स के लिए सबसे अच्छा है। अगर आपको आयरन की कमी है तो एक मुट्ठी पिस्ता खाएं। एक मुट्ठी पिस्ता में 1.11 मिली ग्राम आयरन होता है।

### बादाम

भिगे बादाम खाने से शरीर को कई तरह के पोषक तत्व मिलते हैं। अगर आप एक मुट्ठी बादाम का सेवन करते हैं तो आपको 1.05 मिली ग्राम मिलता है। कई लोग बादाम का दूध और बादाम के बटर का सेवन करते हैं। ऐसे आपको रोजाना बादाम का सेवन करना चाहिए।

### अखरोट

अखरोट में सबसे ज्यादा पोषक तत्व होते हैं। ये आपके दिमाग को शार्प करने में मदद करता है। साथ ही कम हीमोग्लोबिन वाले लोगों को रोजाना अखरोट का सेवन करना चाहिए। एक मुट्ठी अखरोट खाने से आपको 08 मिली ग्राम प्रोटीन मिलता है।

### मुंगफली

अगर आप मेवा नहीं खा सकते है, तो आप मुंगफली का सेवन कर सकते हैं। एक मुट्ठी मुंगफली में 13 मिलीग्राम मिनीरल्स होते है।



# बेजोड़ सुंदरता और स्वास्थ्य चाहिए, तो रोजाना पिएं एक गिलास नोनी फ्रूट जूस

यंग दिखने के लिए अब आपको रॅपन्जेल के बालों की जरूरत नहीं है। इसके बजाय, एक गिलास नोनी फ्रूट जूस आपकी मदद कर सकता है। हम जानते हैं कि यह फल आपके लिए नया है, लेकिन आयुर्वेद में भी इस अद्‌भुत फल का उल्लेख किया गया है। आजकल जहां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, वहां नोनी फल आपकी मदद कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह फल पोषक तत्वों से भरा हुआ है जो न केवल शरीर की कोशिकाओं के पुनर्जनन में मदद करता है, बल्कि विभिन्न वायरस द्वारा हुए नुकसान की मरम्मत में भी मदद करता है। नोनी फल विटामिन ए, विटामिन इ, विटामिन डी3 और आयरन जैसे एंटीऑक्सिडेंट का एक पावरहाउस है। यह सब न केवल आपके आंतरिक कल्याण के लिए, बल्कि बाहरी सुंदरता के लिए भी फायदेमंद हैं। नोनी फल के स्वास्थ्य लाभ

- नोनी फ्रूट जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल बनाए रखने में मदद मिलती है
- नोनी फल में एंटीऑक्सिडेंट के साथ-साथ जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुण होते हैं जो इसे आपकी त्वचा के लिए बहुत अच्छा बनाते हैं। नोनी फ्रूट जूस पीने से न केवल आपके रक्त को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है, बल्कि यह आपके पेट के स्वास्थ्य को भी नियंत्रित रखता है। यह सब बेहतर कोशिका संरचना और चिरस्थायी सौंदर्य की ओर ले जाता है।

- **यह जोड़ों की समस्याओं को दूर करता है**

गठिया से जूझ रहे लोग दर्द का सही अर्थ जानते हैं। आखिरकार, वे दिन-ब-दिन इससे गुजरते हैं। इसके अलावा, इस रोग से संबंधित विकृतियां और भी अधिक समस्याग्रस्त हैं। लेकिन अगर आप अपने दैनिक आहार में नोनी फ्रूट जूस को शामिल करते हैं, तो आप इस समस्या से अच्छी तरह निपट सकते हैं, जैसा कि फूड्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है।

- **नोनी जूस आपके बालों के लिए बहुत अच्छा है**

पसीना और नमी आपके स्कैल्प में बैक्टीरिया के विकास का कारण बन सकते हैं। यह बालों के रोम को नुकसान पहुंचा सकता है, जिसकी वजह से आपको स्कैल्प में खुजली, रूसी और बालों का झड़ना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन आप नोनी फ्रूट जूस का सेवन करके, इसके जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुणों के कारण इसे कम कर सकते हैं।

- **यह थकान को कम करने के लिए जाना जाता है**

थकान का प्रमुख कारण आयरन की कमी है, जिससे एनीमिया हो सकता है। नोनी फल आयरन का एक बड़ा स्रोत है, और इसीलिए यह गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए भी बहुत अच्छा है। तो, अब आप जानते हैं कि यदि आप ऊर्जा पर कम हैं तो आपको क्या चाहिए।

- **यूरिक एसिड को कम करता है**

उच्च यूरिक एसिड बुजुर्गों में सबसे आम समस्याओं में से एक है। यह समस्या न केवल पूरी प्रतिरक्षा प्रणाली को बाधित करती है, बल्कि यह पूरी तरह से दर्दनाक भी है। अगर आपके घर में कोई ऐसा ही है, तो बिना समय बर्बाद किए उनकी डाइट में एक गिलास नोनी जूस शामिल करें और बदलाव देखें।

- **मानसून से संबंधित बीमारियों के लिए**

मानसून बीमारियों के साथ आता है। खांसी, जुकाम, बदन दर्द, बुखार, दस्त आदि। लेकिन आप में से जो नोनी फल खा रहे हैं, उन्हें सुरक्षा मिलेगी। इसका कारण, इम्युनिटी है!



# करेले में छुपे हैं ढेरों फायदे

कई ऐसी फल और सब्जियां हैं, जो हमारे लिए काफी गुणकारी हैं। ये हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ और फिट रखती हैं। कई लोग इनके फायदों से इतने अवगत नहीं होते। अब करेले को ही लीजिए। कड़वेपन के कारण कई लोग करेला खाना पसंद नहीं करते हैं, जबकि करेले में हमारे लिए ढेरों फायदे छुपे होते हैं।

करेले के फायदों को देखते हुए सभी को करेले को प्रमुखता से अपने खानपान का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। इसे सब्जी के रूप में और साथ ही जूस के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। जानते हैं करेले खाने से हमें कितने फायदे मिलते हैं।

करेला हर किसी की सेहत के लिए अच्छा होता है लेकिन लोग इसे खाना पसंद नहीं करते है क्योंकि इसे खाकर लोग अक्सर कड़वा महसूस करते हैं। लेकिन करेला सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होता है इसलिए आपको इससे दूर नही भागना चाहिए बल्कि आपको इससे दोस्ती करनी चाहिए। और हर दिन इसे अपनी डाइट में शामिल करें ताकि आपकी सेहत अच्छी रहे।

अगर आप करेले की सब्जी खाते हैं। तो ऐसे में आप जूस भी लें, इससे आपकी स्किन समस्या के साथ बालों और डायबिटीज को भी काफी फायदा मिलता है। करेले का जूस पीने से आपका चेहरा भी ग्लो करता है। साथ ही बॉडी अच्छे से डिटॉक्स हो जाती है जिससे वेट कंट्रोल होता है। करेला विटामिन सी से भरपूर होता है। ऐसे में जानें कैसे करेले के जूस का इस्तेमाल करें।

### डायबिटीज में फायदे

डायबिटीज में करेला हमेशा फायदेमंद साबित होता है। इसमें इंसुलिन जैसा प्रोटीन होता है जिसे पॉलीपेप्टाइड पी कहा जाता है। इसके साथ ही ये डायबिटीज के ब्लड शुगर लेवल को कम करता है म्ये नेचुरल तरीके से आपके डायबिटीज को कम करता है, इसे खाली पेट पीएं।

### लिवर के लिए फायदेमंद

करेले का जूस आपकी आंतो को साफ करता है, दरअसल जूस में मोमोर्डिका चाररेंटिया नामक एक तत्व पाया जाता है। ये एक एंटीऑक्सीडेंट है जो लिवर को मजबूत करके लिवर डैमेज से सुरक्षा प्रदान करता है, ये आपके ब्लैडर के काम को भी बढ़ावा देता है।

### मोटापा कम करे

करेले का जूस मोटापा कम करने में काफी मदद करता है। दरअसल करेले में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। जिससे कैलोरी कंट्रोल में होती है और वजन नही बढ़ता है म्आप करेले का जूस लेंगे तो इससे आपकी डिटॉक्स होता है, इसलिए आप वेट लॉस कर रहे हैं तो ऐसे में करेले का जूस जरुर पीएं।

### स्किन के लिए अच्छा

करेले के जूस में विटामिन ए और सी जैसे शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जो आपकी स्किन को अच्छा बनाता है। इसके साथ ही ब्लड सर्कुलेशन में भी सुधार करता है। ये आपकी स्किन की और कई सारी परेशानियों का भी हल निकलता है।

### हृदय के लिए

हृदय संबंधी परेशानियों में भी करेला फायदेमंद रहता है। यह हानिकारक वसा को हृदय की धमनियों में जमने नही देता जिससे रक्तसंचार सुचारू बना रहता है, और हार्ट अटैक की आशंका कम होती है। करेले की पत्तियों या फल को पानी में उबालकर इसका सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और कई तरह का संक्रमण ठीक हो जाता है। वजन होगा कम करेले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालते हैं। सुबह के समय करेले के रस में नींबू की कुछ बूंदें मिलाकर पी जाएं तो शरीर डीटॉक्स होता है। इसके अलावा करेला हमारे शरीर के मेटाबोलिज्म को बढ़ा देता है, जिससे पाचन सही रहता है और इन स्थितियों में वजन कम करना आसान हो जाता है।

# आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकती है सुबह की खाली पेट चाय की चुस्की

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनके लिए चाय एक एनर्जी ड्रिंक का काम करती है या फिर जिनकी सुबह ही एक कप गर्म प्याली चाय के साथ होती है तो यह खबर आपके लिए ही है। जी हां क्या आप जानते हैं खाली पेट सुबह की चाय की गर्म चुस्की आपकी सेहत पर कितना बुरा असर डाल सकती है। आइए जानते हैं।

सुबह खाली पेट चाय पीने से पेट में अम्लीय और क्षारीय पदार्थों के असंतुलन की वजह से चयापचय प्रणाली बाधित हो सकती है। यह शरीर की नियमित चयापचय गतिविधि में हस्तक्षेप करके व्यक्ति को दिन भर परेशान रख सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, जब दूध को चाय के साथ मिलाया जाता है, तो दूध में मौजूद वजन घटाने के लिए जिम्मेदार तत्वों का असर कम हो जाता है। इसके अलावा दूध से बनी चाय पेट के एसिड को बढ़ाकर आपके पाचन तंत्र पर भी बुरा असर डाल सकती है। जो कि वजन बढ़ने का एक मुख्य कारण हो सकता है।

### अल्सर की समस्या

अक्सर आपने कई लोगों को यह कहते सुना होगा कि उन्हें सुबह उठते ही एकदम स्ट्रॉन्ग और गर्मागरम चाय पीना पसंद है। पर क्या आप जानते हैं सुबह-सुबह खाली पेट गर्म चाय पीने से पेट की अंदरूनी हिस्से पर चोट लग सकती है, जो आगे चलकर पेट के अल्सर का कारण भी बन सकता है।

### मोटापे की समस्या

खाली पेट चाय पीने से उसमें घुली हुई चीनी शरीर में प्रवेश करती है, जिससे व्यक्ति का वजन बढ़ने के साथ मोटापा भी बढ़ता है।

### हड्डियों के लिए बुरी है चाय

खाली पेट लंबे समय तक रोज कई कप चाय के पीने से स्केलेटल फ्लोरोसिस जैसी बीमारी हो सकती है यह बीमारी हड्डियों को अंदर ही अंदर खोखला बना देती है। जिसकी वजह से कई गंभीर बीमारी भी हो सकती है।

### थकान और चिड़चिड़ापन

ऐसा कहा जाता है कि चाय पीने से ताजगी आती है। हालांकि सच तो ये है कि सुबह दूध वाली चाय पीने से काम में थकान और चिड़चिड़ापन हो सकता है।

### पाचन क्रिया पर बुरा असर

सुबह उठते ही कई लोग खाली पेट चाय पीने लगते हैं। जिसकी वजह से उनके पेट में गैस बनने के साथ उनकी पाचन क्रिया भी धीमी हो जाती है। खाली पेट चाय पीने से पित की प्रक्रिया में भी बाधा आती है। जिसकी वजह से मिचली और बेचैनी महसूस हो सकती है।

### तनाव बढ़ने का है कारण


सुबह उठते ही फ्रेश और ऊर्जावान बने रहने के लिए लोग एक कप चाय पीना पसंद करते हैं। नतीजतन, ऐसे व्यक्तियों के शरीर में कैफीन की मात्रा काफी बढ़ जाती है और उन्हें नींद न आने के साथ तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं घेर सकती हैं।

### ह्रदय रोग का खतरा

खाली पेट चाय पीने से इसमें मौजूद कैफीन तेजी से शरीर में घुलने लगता है। जो व्यक्ति के ब्लड प्रेशर को प्रभावित करके दिल की सेहत पर भी बुरा असर डालता है।

### इस तरह से पिएं चाय

अगर आप चाय के शौकीन हैं तो हमेशा न ही ज्यादा गर्म और न ही अधिक ठंडी चाय पीएं। सुबह उठते ही चाय पीने की आदत है तो खाली पेट चाय पीने की जगह उसके साथ बिस्किट या स्नैक्स जरूर लें।



सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495,
ईमेल: haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिका:- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।